# नेशनल प्रेस टाइम्स



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली, शुक्रवार
31 जनवरी 2025

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 10, अंक : 334 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579

## आप-कांग्रेस मिलकर भी नहीं रोक सकी बीजेपी की हरप्रीत कौर बबला की जीत

दिल्ली ।आप ने मेयर पद के लिए अपनी पार्षद प्रेम लता को मैदान में उतारा था। भाजपा के पास 16 पार्षद थे, जबकि कांग्रेस के पास 6 और आम आदमी पार्टी (आप) के पास 13 पार्षद थे। इस चुनाव में पार्षदों के अलावा चंडीगढ़ से सांसद मनीष तिवारी को भी नगर निगम के मनोनीत सदस्य के तौर पर मतदान का अधिकार दिया गया। भारतीय जनता पार्टी की हरप्रीत कौर बबला चंडीगढ़ मेयर चुनाव में विजयी रहीं। बबला 19 वोट हासिल कर शहर की नई मेयर बनीं। यह जीत क्रॉस-वोटिंग के बाद आई, जिसने बबला को आप-कांग्रेस गठबंधन से आगे निकलने में मदद की, जो केवल 17 वोट हासिल करने में कामयाब रहा। चंडीगढ़ नगर निगम के सभा कक्ष में मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पद के लिए चुनाव हुए। आप और कांग्रेस ने गठबंधन के तौर पर मेयर का चुनाव लड़ा था।

शेष पेज 2 पर

## सीएम ने बापू को दी स्वरांजलि, बोले-

# उनके जीवन से मिलता विश्व शांति का मार्ग

लखनऊ । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पार्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम ने कहा कि 'बापू' की शिक्षाएं और उनका त्यागमय जीवन विश्व शांति का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

यूपी की राजधानी लखनऊ में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पार्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम हजरतगंज चौराहे पर स्थापित बापू की प्रतिमा पर पहुंचे थे। इस दौरान बच्चों ने बापू की पुण्यतिथि पर स्वरांजलि दी। सीएम योगी भी बच्चों के साथ स्वरांजलि में हिस्सा लिया।

इसी के साथ ही उन्होंने महात्मा गांधी को याद करते हुए अपने एक्स अकाउंट पर लिखा ह्लस्वाधीनता आंदोलन के महानायक, 'राष्ट्रपिता' महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन! श्रद्धेय 'बापू' की शिक्षाएं और उनका त्यागमय जीवन विश्व शांति का मार्ग




प्रशस्त करते हैं। आइए, 'बापू' के दिखाए सत्य, अहिंसा व स्वदेशी के मार्ग पर चलकर हम सभी 'नए भारत-विकसित भारत' के निर्माण हेतु संकल्पित हों।ह्ल

सीएम योगी ने बच्चों के साथ स्वारांजलि में हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों ह्लरघुपति राघव राजाराम...ह्न, वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे...ह्न जैसे गीतों को मधुर स्वर में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के बाद सीएम योगी ने बच्चों के साथ फोटो भी खिंचाई। इस दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, राजेश्वर सिंह, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य लाल जी प्रसाद निर्मल आदि गणमान्य लोगों ने भी बापू को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की है।

## ट्रूडो को पुतिन से भी ज्यादा मोदी से डर लगता है, कनाडा ने भारत को बताया रूस से भी खतरनाक देश

नई दिल्ली । ट्रूडो का मानना है कि भारत इतना खतरनाक देश है कि वो कनाडा में सरकार बनवा और गिरवा सकता है। ट्रूडो ने भारत पर कनाडा के चुनावों में भारत पर गड़बड़ करने का आरोप लगाया है। इसलिए जस्टिन ट्रूडो जाने से पहले आखिरी बार भारत को बदनाम करना चाहते हैं।

बबार्दी की तरफ बढ़ रहे कनाडा के अब तक के सबसे असफल प्रधानमंत्री रहे जस्टिन ट्रूडो ने ऐलान किया है कि भारत से बचकर रहना होगा। ट्रूडो ने कहा है कि भारत रूस से भी ज्यादा खतरनाक देश है। जस्टिन ट्रूडो को पुतिन से भी ज्यादा मोदी से डर लगता है। इस्तीफा दे चुके जस्टिन ट्रूडो मार्च में आधिकारिक रूप से पीएम ऑफिस छोड़ देंगे। लेकिन जाने से पहले आखिरी बार जस्टिन ट्रूडो ने भारत को बदनाम करने की कोशिश की है। ट्रूडो का



मानना है कि भारत इतना खतरनाक देश है कि वो कनाडा में सरकार बनवा और गिरवा सकता है। ट्रूडो ने भारत पर कनाडा के चुनावों में भारत पर गड़बड़ करने का आरोप लगाया है। इसलिए जस्टिन ट्रूडो जाने से पहले आखिरी बार भारत को बदनाम करना चाहते हैं।

मैरी-जोसी हॉग के नेतृत्व में जांच में आरोप लगाया गया कि सरकार ने 2021 के चुनाव के दौरान पसंदीदा उम्मीदवारों को गुप्त रूप से वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रॉक्सी एजेंटों का उपयोग करने का प्रयास किया होगा। इसने भारत को कनाडा में चुनावी हस्तक्षेप में संलग्न दूसरा सबसे सक्रिय देश करार दिया। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि भारत कनाडा में विदेशी हस्तक्षेप के प्रमुख रूप के रूप में दुष्प्रचार का भी उपयोग करता है। रिपोर्ट में खालिस्तानी अलगाववाद के बारे में भारत की कथित राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को लेकर देशों के बीच संबंधों में चुनौतियों का भी उल्लेख किया गया है। कनाडा की रिपोर्ट में कहा गया है कि रूस भी हमारे चुनावों में दखल देता है। लेकिन भारत तो रूस से भी आगे निकल चुका है।

शेष पेज 2 पर

## मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ की जांच करने पहुंचे मुख्य सचिव और डीजीपी, घटनास्थल का किया दौरा



प्रयागराज। मौनी अमावस्या पर संगम नोज पर हुई भगदड़ की जांच करने के लिए मुख्य सचिव मनोज कुमार और डीजीपी प्रशांत कुमार घटनास्थल पर पहुंचे हैं। उनके साथ बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद है।

मौनी अमावस्या पर संगम नोज पर हुई भगदड़ की जांच करने के लिए मुख्य सचिव मनोज कुमार और डीजीपी प्रशांत कुमार घटनास्थल पर पहुंचे हैं। उनके साथ बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद है। दोनों अधिकारियों ने संगम तट पर पहुंचकर भगदड़ वाले स्थान का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों से घटना की जानकारी ली।

मौनी अमावस्या पर अनियंत्रित भीड़ के दबाव से बैरिकेडिंग टूट जाने के बाद संगम नोज पर रात्रि एक से दो बजे के बीच भगदड़ मच गई। इसमें दम घुटने से 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और जबकि 60 लोग घायल हो गए। घायलों को इन्हें मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जिसमें 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई।

शेष पेज 2 पर

# महाकुंभ में फिर लगी आग कई पंडाल चपेट में आए कोई हताहत नहीं

## डोम सिटी में भी उठीं लपटें



महाकुंभ नगर (प्रयागराज) महाकुंभ मेले मे सेक्टर 22 के छतनाग में स्थित टेंट सिटी में शुक्रवार को आग लग गई। देखते ही देखते दर्जन भर से अधिक टेंट जलकर राख हो गए। यहां पर 40 टेंट बनाए गए हैं। इसी तरह मेला क्षेत्र के सेक्टर 25 स्थित डोम सिटी में भी आग लग गई है।

महाकुंभ के सेक्टर 22 छतनाग झूंसी में बने टेंट सिटी में बृहस्पतिवार को आग लग गई। आग लगने नके कारणों का पता नहीं चल सका है। जब तक लोग कुछ समझ पाते आगे ने विकराल रूप धारण कर लिया। टेंट सिटी के दर्जन भर से अधिक टेंट जलकर राख हो गए। राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई। सूचना पाकर दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इसी तरह नैनी में अरैल स्थित मेला क्षेत्र के सेक्टर नंबर 25 में डोम सिटी में भी बृहस्पतिवार को दिन में साढ़े चार बजे के करीब आग लग गई।

शेष पेज 2 पर

## मेला क्षेत्र नो व्हीकल जोन घोषित शहर के बाहर रोके गए वाहन कई जगह लगा भीषण जाम




महाकुंभ नगर (प्रयागराज) मौनी अमावस्या अमृत स्नान पर्व पर रात करीब एक बजे भगदड़ मचने के बाद प्रशासन ने मेले में ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर नया आदेश जारी किया है। पूरे मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है।

मौनी अमावस्या अमृत स्नान पर्व पर रात करीब एक बजे भगदड़ मचने के बाद प्रशासन ने मेले में ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर नया आदेश जारी किया है। पूरे मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है। दो पहिया वाहनों को भी मेले में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है।

शेष पेज 2 पर

## बजट सत्र में आएगा वक़्फ बिल! JPC ने लोकसभा अध्यक्ष को सौंप दी अपनी रिपोर्ट



नई दिल्ली। रिपोर्ट सौंपने के बाद, जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने विधेयक के निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए समिति के सदस्यों की सराहना की। पाल ने कहा कि पिछले 5 महीनों में समिति ने कई बैठकें कीं और देश भर में सैकड़ों प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की, उन्होंने कहा कि विस्तृत विचार-विमर्श और कई जिरहों के बाद एक रिपोर्ट बनाई गई है।

बजट सत्र में पेश होने वाले विधेयकों की सूची सामने आ गई है। वक्फ संशोधन बिल उस सूची में सातवें नंबर पर है। यानी तय हो गया है कि वक्फ संशोधन बिल को सरकार इसी बजट सत्र में पेश करेगी। इससे पहले आज ही वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के सदस्यों और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के बीच बैठक समाप्त हो गई है और विधेयक पर अंतिम रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंप दी गई है।

शेष पेज 2 पर

## चैंपियंस ट्रॉफी का उद्घाटन समारोह 16 फरवरी को लाहौर में

### रोहित के शामिल होने पर संशय बरकरार

**दुबई।** पीसीबी के एक सूत्र ने कहा कि चेयरमैन मोहसिन नकवी ने 19 फरवरी को कराची में राष्ट्रीय स्टेडियम में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले पहले मैच से पहले के निर्धारित कार्यक्रमों की सूची को मंजूरी दी।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साथ मिलकर आगामी चैंपियंस ट्रॉफी का उद्घाटन समारोह 16 फरवरी को लाहौर में कराएगा। हालांकि, इसमें रोहित शर्मा पहुंचेंगे या नहीं, इस पर अभी तक संशय बरकरार है। मीडिया रिपोर्ट्स



के मुताबिक, बीसीसीआई रोहित को लाहौर नहीं भेजेगा। वहीं, आईसीसी और पीसीबी ने अभी तक पुष्टि नहीं की है कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा प्रेस कॉन्फ्रेंस और फोटोशूट के लिए लाहौर आएंगे या नहीं। ऐसे में देखने वाली बात होगी कि अगर रोहित नहीं जाते हैं तो उनकी गैरमौजूदगी में उद्घाटन समारोह किस प्रकार आयोजित की जाएगी।

शेष पेज 2 पर

**बजट** | कभी पीएम ने बजट पेश किया

## कुछ बजट पेश कर राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री बने, जानें भारत के वित्त मंत्रियों को

**नई दिल्ली** । आजाद भारत की यात्रा में देश के कई वित्त मंत्रियों ने अर्थव्यवस्था को वर्तमान स्तर पर लाने में अहम भूमिका निभाई है। जहां देश में कई लोगों ने प्रधानमंत्री रहते हुए बजट पेश किया तो कुछ वित्त मंत्री ऐसे भी रहे जिन्होंने वित्त मंत्री रहते हुए बजट पेश किया, और आगे चलकर देश के प्रधानमंत्री बने। आइए जानते हैं, देश के अबतक के वित्त मंत्रियों की पूरी कहानी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारण 01 फरवरी 2025 को बजट पेश करने वाली हैं। संविधान के अनुच्छेद 112 के अनुसार, केन्द्रीय बजट सरकार की अनुमानित आय और व्यय का वित्तीय विवरण होता है। स्वतंत्रता के बाद देश का पहला बजट नवंबर 1947 में पेश किया गया था। 2017-18 में रेल बजट को केंद्रीय




बजट में मिला दिया गया, जिससे अलग बजट की 92 साल पुरानी परंपरा खत्म हो गई। आजाद भारत की यात्रा में देश के कई वित्त मंत्रियों ने अर्थव्यवस्था को वर्तमान स्तर पर लाने में अहम भूमिका निभाई है। जहां देश में कई लोगों ने प्रधानमंत्री रहते हुए बजट पेश किया तो कुछ वित्त मंत्री ऐसे भी रहे जिन्होंने वित्त मंत्री रहते हुए बजट पेश किया, और आगे चलकर देश के प्रधानमंत्री बने। देश के कुछ वित्त मंत्री देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचे राष्ट्रपति चुने गए। आइए ग्राफिक्स जरिए नजर डालते हैं भारत के हर वित्त मंत्री के कार्यकाल पर।

**आर.के. शनमुखम चेट्टी-** रामासामी चेट्टी कंदासामी शनमुखम चेट्टी स्वतंत्र भारत के पहले वित्त मंत्री थे। उन्होंने देश का पहला बजट 26 नवंबर 1947 को पेश किया गया था। उनके कार्यकाल के दौरान ही योजना आयोग की शुरूआत हुई थी। स्वतंत्र भारत का पहला बजट साढ़े सात महीने के लिए था। देश के पहले वित्त मंत्री ने 171.15 करोड़ रुपये की आमदनी और 197.39 करोड़ रुपये के खर्च का बजट पेश किया था।

कार्यकाल: 15 अगस्त 1947 - 17 अगस्त 1948

**जॉन मथाई-** जॉन मथाई देश के पहले रेल मंत्री बने और फिर षणमुखम चेट्टी के बाद वित्त मंत्री बने। उनके कार्यकाल के दौरान पंचवर्षीय योजनाएं शुरू की गईं। उन्होंने योजना आयोग की बढ़ती शक्ति के विरोध में इस्तीफा दे दिया था।

कार्यकाल: 22 सितंबर, 1948 - 26 जनवरी, 1950; 26 जनवरी, 1950 - 6 मई, 1950; 6 मई, 1950 - 1 जून, 1950

शेष पेज 2 पर

# केजरीवाल को चैलेंज': राहुल बोले, यमुना का नहीं दिल्ली का पानी पीकर दिखाएं, सिसोदिया संग किया बड़ा भ्रष्टाचार

नई दिल्ली । दिल्ली की बादली विधानसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक जनसभा को संबोधित किया। जहां पीएम मोदी और अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा और कहा कि दिल्ली में शराब का सबसे बड़ा घोटाला हुआ था।

दिल्ली में विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दल जोर-शोर से प्रचार से लेकर रोड शो और जनसभाएं कर रहे हैं। इसी बीच गुरुवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दिल्ली के बादली इलाके में एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी भाजपा और आम आदमी पार्टी पर जमकर बरसे।

**400 पार कहने वाले नफरत फैलाते हैं: राहुल गांधी**

राहुल गांधी ने कहा कि ये लोग नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं। हमने मोहब्बत की दुकान खोली। इन लोगों ने 400 पार की बात की। कांग्रेस पार्टी एक विचारधारा की लड़ाई से लड़ रही है। ये देश भाईचारे का देश है। मोदी जी नफरत क्यों फैलाते हैं। क्योंकि वह जानते हैं कि देश की जनता एक दूसरे से लड़े और कमजोर हो जाए। आगे कहा कि दिल्ली में जो आप आज देख रहे हैं। चाहे महंगाई हो, बेरोजगारी हो, पानी हो या



गंदगी हो। कभी मीडिया ने आपको इसके बारे में बताया है।

जनसभा में राहुल गांधी ने अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधाते हुए कहा कि मुझे आज भी याद है ये बिजली के खंभे पर चढ़ गए थे। छोटी गाड़ी में घुमते थे। आज शीशमहल में रहते हैं। जिस व्यक्ति ने कहा था मैं दिल्ली को साफ करूंगा। यमुना में स्नान करूंगा, यमुना का पानी पीकर दिखाऊंगा। दिल्ली में शराब का सबसे बड़ा घोटाला किया। ये सोचते हैं कि देश नहीं समझता है, देश नहीं जानता है। देश जानता है कि अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने दिल्ली में बड़ा भ्रष्टाचार किया है। मैं केजरीवाल को चैलेंज देता हूं कि यमुना का पानी छोड़िए... यहां जो पानी मिल रहा है आप उसे ही पीकर देखिए।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दिल्ली के बादली इलाके में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल 5 साल पहले यमुना का पानी पीने की बात कर रहे थे। लेकिन आज वह यमुना के पानी की बोतल के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं। वह एक के बाद एक झूठ बोलते हैं।

इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जहांगीरपुरी में हुई जनसभा के दौरान कहा कि मैं आपको स्पष्ट रूप से बता दूं कि जब केजरीवाल आए तो मैंने शुरूआत में इन्हें ऑब्जर्व किया। मुझे समझ आया कि केजरीवाल भी नरेंद्र मोदी की तरह एंटी रिजर्वेशन और एंटी दलित हैं।

## पेज एक का शेष...

### मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ की जांच करने पहुंचे मुख्य सचिव और डीजीपी, घटनास्थल का किया दौरा

महाकुंभ स्नान पर्व पर भीड़ का दबाव बढ़ने पर बैरिकेडिंग टूट गई थी। इसके बाद लोग तेजी से आगे बढ़ने लगे, इस दौरान ब्रह्म मुर्हुत पर स्नान करने के इंतजार में बैठे श्रद्धालुओं के ऊपर से भीड़ का रेला गुजर गया। इसमें 90 घायल श्रद्धालुओं को एंबलेंस से मेडिकल कालेज ले जाया गया। इसमें 30 की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मृतकों में गुजरात के एक , कर्नाटका के चार, असम के एक श्रद्धालु शामिल हैं। घायलों में कुछ को लेकर उनके परिजन घर चले गए। अभी 36 घायलों का इलाज मेडिकल कालेज में चल रहा है। स्थिति अब सामान्य है।

### बजट सत्र में आएगा वक़्फ बिल! JPC ने लोकसभा अध्यक्ष को सौंप दी अपनी रिपोर्ट

ज्ञापन देने के दौरान जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल और समिति के सदस्य निशिकांत दुबे, तेजस्वी सूर्या, संजय जयसवाल और अन्य उपस्थित थे। रिपोर्ट पेश करने के दौरान कोई भी विपक्षी सदस्य मौजूद नहीं था।

रिपोर्ट सौंपने के बाद, जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने विधेयक के निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए समिति के सदस्यों की सराहना की। पाल ने कहा कि पिछले 5 महीनों में समिति ने कई बैठकें कीं और देश भर में सैकड़ों प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की, उन्होंने कहा कि विस्तृत विचार-विमर्श और कई जिरहों के बाद एक रिपोर्ट बनाई गई है।

एएनआई से बात करते हुए उन्होंने कहा, पिछले पांच महीनों में, हमने 38 बैठकें कीं 250 प्रतिनिधिमंडलों और सदस्यों से मुलाकात की, पूर्व न्यायाधीशों, कुलपतियों से मुलाकात की। हमने कई लगातार यात्राएं कीं और कई राज्यों का दौरा किया। जेपीसी के सभी सदस्यों ने विधेयक के निर्माण में अपना योगदान दिया है। मुझे विश्वास है कि गरीबों को लाभ पहुंचाने और उनके कल्याण की मंशा से जो विधेयक लाया गया है।

### आप-कांग्रेस मिलकर भी नहीं रोक सकी बीजेपी की हरप्रीत कौर बबला की जीत

जहां आप ने मेयर पद के लिए चुनाव लड़ा, वहीं कांग्रेस ने क्रमशः वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर पद के लिए अपने उम्मीदवार जसबीर सिंह बंटी और तरुणा मेहता को खड़ा किया है। आप ने मेयर पद के लिए अपनी पार्षद प्रेम लता को मैदान में उतारा था। भाजपा के पास 16 पार्षद थे, जबकि कांग्रेस के पास 6 और आम आदमी पार्टी (आप) के पास 13 पार्षद थे। इस चुनाव में पार्षदों के अलावा चंडीगढ़ से सांसद मनीष तिवारी को भी नगर निगम के मनोनीत सदस्य के तौर पर मतदान का अधिकार दिया गया।

सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय से न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) जयश्री ठाकुर को एक स्वतंत्र पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया था। ऐसा चुनाव से जुड़े पिछले विवादों के जवाब में किया गया था। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया था कि चुनाव कार्यवाही पर्यवेक्षक की उपस्थिति में आयोजित की जाए और आगे की जवाबदेही के लिए चुनाव प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाए।

2024 के मेयर चुनाव में, चंडीगढ़ मेयर चुनाव के नतीजे को पलटने के बाद, जिसमें भाजपा उम्मीदवार को विजेता घोषित किया गया था, पिछले साल 20 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने अअढ के कुलदीप कुमार को चंडीगढ़ एमसी का मेयर घोषित किया था। तत्कालीन पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह को आप-कांग्रेस गठबंधन के पक्ष में आठ मतपत्रों को अमान्य करते हुए कैमरे पर पकड़ा गया था।

### ट्रूडो को पुतिन से भी ज्यादा मोदी से डर लगता है, कनाडा ने भारत को बताया रूस से भी खतरनाक देश

वैसे ट्रूडो का मानना है कि चीन भी कनाडा को बर्बाद करना चाहता है।

इसे भी पढ़ें: हैलो दोस्त! ढट मोदी ने डोनाल्ड ट्रंप से की फोन पर बात, विश्व शांति के लिए मिलकर काम करने पर हुई चर्चा

भारत ने दिया जवाब

भारत ने कनाडा के एक आयोग की रिपोर्ट में उसके खिलाफ लगाए गए आक्षेपों को दृढ़ता से खारिज कर दिया। आयोग ने इन आरोपों की जांच की थी कि कुछ विदेशी सरकारें कनाडा के चुनावों में हस्तक्षेप कर रही हैं। विदेश मंत्रालय ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह भारत पर रिपोर्ट के आक्षेपों को खारिज करता है। उसने कहा कि बल्कि कनाडा भारत के आंतरिक मामलों में लगातार हस्तक्षेप कर रहा है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमने कथित हस्तक्षेप संबंधी गतिविधियों के बारे में एक रिपोर्ट देखी है। बल्कि कनाडा लगातार भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है। कनाडा की मीडिया रिपोर्टों के अनुसार आयोग ने चीन, रूस और अन्य के खिलाफ चुनावों में हस्तक्षेप के आरोपों की जांच की।

### महाकुंभ में फिर लगी आग कई पंडाल चपेट में आए कोई हताहत नहीं

सूचना मिलने पर कई दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। घटना की जानकारी होते ही बड़ी संख्या में अधिकारी मौके पर पहुंच गए। आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है।

### मेला क्षेत्र नो व्हीकल जोन घोषित शहर के बाहर रोके गए वाहन कई जगह लगा भीषण जाम

जिले की सीमाओं पर रोके गए वाहनों को छोड़ दिया गया है। इसके बाद मेला क्षेत्र की सीमा पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। अंदावा रिंग रोड बाईपास, नवाबगंज, सोरांव और चित्रकूट रोड पर गौहनिया के पास वाहनों को रोक दिया जा रहा है। मेले में रोज की अपेक्षा बृहस्पतिवार को कम भीड़ दिखी। अधिकारी भ्रमण करते रहे।

**नहीं जारी होगा किसी प्रकार का प्रोटोकॉल-** मेला प्रशासन और कुंभ पुलिस ने अमृत स्नान पर्व पर भगदड़ मचने के बाद की व्यापक तैयारियां की हैं। पूरे मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। संगम तटों पर बैरिकेडिंग का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है ताकि भीड़ नियंत्रण में रहे। श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए हर सेक्टर और जोन में विशेष व्यवस्था की गई है। इस दौरान किसी भी तरह का प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा।

भीड़ प्रबंधन के लिए आईट्रिपल सी सक्रिय- संगम नोज पर अत्यधिक भीड़ जमा न हो, इसके लिए इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर (आईट्रिपल सी) मॉनिटरिंग करेगा। भीड़ वाले इलाकों में त्वरित कार्यवाही के लिए विशेष दल तैनात किए गए हैं। प्रमुख मार्गों पर खास निगरानी की जा रही है। साथ ही, अराजक और संदिग्ध लोगों पर भी नजर रखी जा रही है।

### चैंपियंस ट्रॉफी का उद्घाटन समारोह 16 फरवरी को लाहौर में

पीसीबी के एक सूत्र ने कहा कि चेयरमैन मोहसिन नकवी ने 19 फरवरी को कराची में राष्ट्रीय स्टेडियम में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले पहले मैच से पहले के निर्धारित कार्यक्रमों की सूची को मंजूरी दी। पीसीबी मरम्मत किए गए गद्दाफी स्टेडियम का सात फरवरी को आधिकारिक रूप से उद्घाटन करेगा जिसके लिए प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है।

राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी मुख्य अतिथि-पीसीबी 11 फरवरी को कराची में एक समारोह में पुनर्निर्मित राष्ट्रीय स्टेडियम को भी लॉन्च करेगा जिसमें राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। सूत्र ने कहा कि पीसीबी और आईसीसी कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस और फोटोशूट के कार्यक्रम पर भी काम कर रहे हैं जिसके 16 फरवरी को लाहौर में होने की संभावना है। उद्घाटन समारोह ऐतिहासिक लाहौर किले के हुजूरी बाग में तय किया गया है जिसमें विभिन्न बोर्डों के अधिकारी, मशहूर हस्तियां, खेल के दिग्गज और सरकारी अधिकारी आमंत्रित किए जाएंगे।

भारत का शेड्यूल-भारत अपना पहला लीग स्टेज का मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद 23 फरवरी को पाकिस्तान से मुकाबले के बाद टीम इंडिया को सात दिन का गैप मिलेगा। इसके बाद दो मार्च को भारतीय टीम न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। भारतीय टीम ने यह टूर्नामेंट सिर्फ एक बार 2013 में जीता है। तब महेंद्र सिंह धोनी टीम के कप्तान थे। 2002 में बारिश के कारण फाइनल रद्द हो गया था। तब भारत और श्रीलंका संयुक्त विजेता रहे थे। भारतीय टीम कुल मिलाकर चार बार फाइनल में पहुंच चुकी है। 2013 और 2002 के अलावा ऐसा 2000 और 2017 में हुआ था।

आठ टीमें हिस्सा लेंगी-चैंपियंस ट्रॉफी में आठ टीमें हिस्सा लेंगी और कुल 15 मैच होंगे। इस बार मैचों की मेजबानी पाकिस्तान और दुबई करेंगे। भारतीय टीम के सभी ग्रुप स्टेज के मुकाबले दुबई में खेले जाएंगे। वहीं, बाकी टीमों के मैच पाकिस्तान में ही खेले जाएंगे। यह टूर्नामेंट 19 दिनों तक चलेगा। पाकिस्तान में रावलपिंडी, लाहौर और कराची मैचों की मेजबानी करेंगे। पाकिस्तान के हर एक मैदान पर तीन-तीन ग्रुप मैच खेले जाएंगे। भारत से जुड़े तीन ग्रुप मैच और पहला सेमीफाइनल दुबई में खेला जाएगा।

तीनों नॉकआउट मैच के लिए रिजर्व डे-सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में रिजर्व डे होंगे। दुबई पहले सेमीफाइल और लाहौर दूसरे सेमीफाइनल की मेजबानी करेगा। अगर भारत फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं करता है तो लाहौर ही नौ मार्च को फाइनल की मेजबानी भी करेगा। अगर भारत क्वालिफाई करता है तो पाकिस्तान की किरकिरी हो जाएगी। ऐसे में मुकाबले की मेजबानी लाहौर से छीन ली जाएगी और मुकाबला दुबई में खेला जाएगा।

### कुछ बजट पेश कर राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री बने, जानें भारत के वित्त मंत्रियों को

सी.डी. देशमुख -सीडी देशमुख यानी चिंतामन द्वारकानाथ देशमुख ने 1951-52 के लिए पहला अंतरिम बजट पेश किया। उनका कार्यकाल पहली पंचवर्षीय योजना की अवधि को कवर करता था। उन्होंने निगम कर सहित सभी करों में समग्र वृद्धि और सभी आयकर और सुपर-टैक्स दरों पर 5 प्रतिशत सरचार्ज लगाने का प्रस्ताव रखा था। उनके कार्यकाल के दौरान, राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद (एनसीएईआर) की स्थापना की गई थी और वे इसके शासी निकाय के संस्थापक सदस्य थे।

कार्यकाल: 1 जून, 1950 - 13 मई, 1952; 13 मई, 1952 से 1 अगस्त, 1956

टीटी कृष्णमाचारी-टीटी कृष्णमाचारी ने संपत्ति कर और व्यय कर की शुरूआत की। उनके कार्यकाल के दौरान एनएलसी, आईडीबीआई, आईसीआईसीआई और दामोदर घाटी निगम की स्थापना की गई। मुंद्रा घोटाले में उनका नाम सामने आने के बाद उन्होंने वित्त मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया, जिसमें उनकी मिलीभगत पाई गई थी। कृष्णमाचारी ने अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान देश में पहली बार गुप्त आय के स्वैच्छिक प्रकटीकरण की योजना शुरू की।

कार्यकाल: 30 अगस्त, 1956 - 17 अप्रैल, 1957; 17 अप्रैल, 1957 - 14 फरवरी, 1958; 31 अगस्त, 1963 - 31 दिसंबर, 1965

जवाहरलाल नेहरू-जवाहरलाल नेहरू केंद्रीय बजट पेश करने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री थे। कुछ अवधि के लिए उन्होंने वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी अपने पास रखी थी। उन्होंने उपहार कर की शुरूआत की थी। अपवाद के तौर पर केवल धर्मार्थ संस्थाओं, सरकारी कंपनियों, केंद्रीय या राज्य अधिनियमों के तहत स्थापित निगम और सार्वजनिक कंपनियां थीं, जिन्हें छह या उससे अधिक व्यक्तियों की ओर से नियंत्रित किया जाता था, उपहार कर के दायरे से बाहर रखा गया था। उन्होंने संपदा शुल्क अधिनियम में कुछ संशोधनों का भी प्रस्ताव रखा था।

मोरारजी देसाई-मोरारजी देसाई के नाम अब तक सबसे अधिक 10 बाजर बजट पेश करने का रिकॉर्ड है। इसमें एक अंतरिम बजट भी शामिल है। उन्होंने कृषि आधारित शोध और विकास (आरएंडडी) को बढ़ावा दिया और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की स्थापना की। उन्होंने हरित क्रांति के बीज भी बोए। उन्होंने आयात लाइसेंसिंग प्रणाली की स्थापना की। देसाई ने 1968 में छोटे और बड़े निमार्ताओं की ओर से माल के स्व-मूल्यांकन की प्रणाली शुरू की। उन्होंने जीवनसाथी भत्ते को भी हटा दिया, जिसके बाद पति और पत्नी को व्यक्तिगत करदाता बना दिया गया। उन्होंने गोल्ड कंट्रोल एक्ट 1962 पेश किया, जिसे अब निरस्त कर दिया गया है। उन्होंने बैंकों की ओर से दिए गए सभी गोल्ड लोन को वापस लेने का फैसला लिया और सोने में वायदा व्यापार पर प्रतिबंध लगा दिया। अंततः इंदिरा गांधी की ओर से उनसे परामर्श किए बिना 14 प्रमुख बैंकों का राष्ट्रीयकरण किए जाने के विरोध में उन्होंने इस्तीफा दे दिया।

कार्यकाल: 22 मार्च, 1958 - 10 अप्रैल, 1962; 10 अप्रैल, 1962 - 31 अगस्त, 1963; 13 मार्च, 1967 - 16 जुलाई, 1969

सचिन्द्र चौधरी-सचिंद्र चौधरी संयुक्त राष्ट्र में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य थे। उनके कार्यकाल के दौरान व्यय कर समाप्त कर दिया गया था। उन्होंने बजट भाषण में कहा, "इस कर से होने वाली आय बहुत कम है, यानी ?60.13 लाख या उसके आसपास, जो प्रशासन पर पड़ने वाले बोझ और करदाता को होने वाली असुविधा लिहाज से सही नहीं है।"

कार्यकाल: 1 जनवरी, 1966 - 11 जनवरी, 1966; 11 जनवरी, 1966 - 24 जनवरी, 1966; 24 जनवरी, 1966 - 13 मार्च, 1967

इंदिरा गांधी-इंदिरा गांधी ने भी भारत की प्रधानमंत्री के रूप में वित्त मंत्रालय का कार्यभार संभाला। वर्ष 1970-71 के अपने बजट भाषण में उन्होंने कहा, "ऐसी नीतियों को तैयार करना आवश्यक है जो विकास की अनिवार्यताओं को जरूरतमंदों और गरीबों की भलाई की चिंता के साथ जोड़ती हों।" उनके कार्यकाल में हरित क्रांति के बाद श्वेत क्रांति आई, जिसे ऑपरेशन फ्लड के नाम से जाना जाता है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की भी स्थापना की गई।

कार्यकाल: (16 जुलाई, 1969 - 27 जून, 1970)

यशवंतराव बी. चव्हाण-यशवंतराव बी. चव्हाण ने सामान्य बीमा कंपनियों और कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण किया। उनके कार्यकाल के दौरान अर्थव्यवस्था मंदी में चली गई। उन्होंने वित्त वर्ष 1973-74 के बजट भाषण में कहा, "मैं इस तथ्य से बहुत अवगत हूं कि चालू वर्ष के दौरान कीमतों में उतार-चढ़ाव ने हमारे समाज को कमजोर किया और और अधिक असुरक्षित वर्गों की कठिनाइयों को बहुत बढ़ा दिया है। इस सरकार की नीति का मुख्य जोर इन कठिनाइयों को कम करना है।"

अवधि: 27 जून, 1970 - 18 मार्च, 1971; 18 मार्च, 1971 - 10 अक्टूबर, 1974

चिदंबरम सुब्रमण्यम-वित्त मंत्री चिदंबरम सुब्रमण्यम के कार्यकाल में ईएसआई, ईपीएफ और पारिवारिक पेंशन जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाएं स्थापित की गईं। वित्त वर्ष 1975-76 के अपने बजट भाषण में उन्होंने उन सरकारी कर्मचारियों को लाभ पहुंचाने के लिए एक प्रोत्साहन बोनस योजना शुरू की, जो वर्ष के दौरान अपने भविष्य निधि खातों से कोई राशि नहीं निकालते हैं।

कार्यकाल: 10 अक्टूबर, 1974 - 24 मार्च, 1977

हीरूभाई मुलजीभाई पटेल -पटेल पहले गैर-कांग्रेसी वित्त मंत्री थे। उन्होंने अब तक का सबसे छोटा बजट भाषण दिया है, जिसमें केवल 800 शब्द थे। उन्होंने भारत में कारोबार करने वाली विदेशी कंपनियों में भारतीय कंपनियों की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने की नीति पेश की।

कार्यकाल: 26 मार्च, 1977 - 24 जनवरी, 1979

चरण सिंह-चरण सिंह ने वित्त वर्ष 1979-80 के अपने बजट भाषण में उन कार्यक्रमों पर गति और जोर देने प्रस्ताव रखा जिनका कृषि विकास और रोजगार को बढ़ावा देने पर वास्तविक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) पर भारी उत्पाद शुल्क लागू किया।

कार्यकाल: 24 जनवरी, 1979 - 16 जुलाई, 1979

हेमवती नंदन बहुगुणाहे-मवती नंदन बहुगुणा देश के वित्त मंत्री रहे पर उन्हें अपने कार्यकाल के दौरान कभी बजट पेश करने का मौका नहीं मिला।

कार्यकाल: 28 जुलाई, 1979 - 19 अक्टूबर, 1979

आर. वेंकटरमन

आर. वेंकटरमन ने देश का वित्त मंत्री रहते हुए जीवन रक्षक दवाओं, साइकिलों, सिलाई मशीनों और प्रेशर कुकरों पर उत्पाद शुल्क में छूट दी। उन्होंने रेडियो पर लाइसेंस शुल्क भी हटा दिया। आगे चलकर वे देश के राष्ट्रपति भी चुने गए।

कार्यकाल: 14 जनवरी, 1980 - 15 जनवरी, 1982)

प्रणब मुखर्जी-प्रणब मुखर्जी पहली बार इंदिरा गांधी की सरकार में वित्त मंत्रालय संभाला। वित्त मंत्री बनकर उन्होंने जनता, खासकर एनआरआई से प्राप्त धन और निवेश पर ध्यान केंद्रित किया। उनके कार्यकाल में सार्वजनिक उपयोग के लिए निजी बचत जुटाने के लिए सामाजिक सुरक्षा प्रमाणपत्र और पूंजी निवेश बांड की शुरूआत की गई। बाद में वे डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार में भी वित्त मंत्री बने। उनके कार्यकाल के दौरान खाद्य सुरक्षा विधेयक पेश किया गया। आय उत्पन्न करने के लिए 3जी स्पेक्ट्रम एयरवेव्स की नीलामी की गई। आयकर अधिनियम में पूर्वव्यापी प्रभाव से संशोधन किया गया ताकि भारतीय कंपनी की परिसंपत्तियों की खरीद में शामिल लेन-देन को कर योग्य बनाया जा सके। प्रणब मुखर्जी ने घाटे को कम करने के लिए सरकारी खर्च में भी कमी की। फिर वे देश के राष्ट्रपति भी चुने गए।

कार्यकाल: 15 जनवरी, 1982 - 31 अक्टूबर, 1984; 31 अक्टूबर, 1984 - 31 दिसंबर, 1984; 24 जनवरी, 2009 - 22 मई, 2009; 23 मई, 2009 - 26 जून, 2012

वी.पी. सिंह-लघु उद्योगों को सहायता देने के लिए लघु उद्योग विकास बैंक की घोषणा विश्वनाथ प्रताप सिंह के कार्यकाल के दौरान की गई। उन्होंने कई गरीब हितैषी योजनाएं शुरू कीं, जैसे नगरपालिका सफाईकर्मियों के लिए दुर्घटना बीमा योजना और रिक्शा चालकों के लिए सब्सिडी वाले बैंक ऋण। उन्होंने निर्यात प्रोत्साहन और संशोधित मूल्य वर्धित कर (टडअळ) भी पेश किया, जो एक प्रमुख कर सुधार था।

कार्यकाल: 31 दिसंबर, 1984 - 14 जनवरी, 1985; 14 जनवरी 1985 - 30 मार्च, 1985; 30 मार्च, 1985 - 25 सितंबर, 1985; 25 सितंबर, 1985 - 24 जनवरी, 1987

राजीव गांधी-राजीव गांधी ने भी प्रधानमंत्री रहते हुए वित्त मंत्रालय संभाला और बजट पेश किया। कॉर्पोरेट टैक्स, जिसे बाद में न्यूनतम वैकल्पिक कर के रूप में जाना गया, पहली बार राजीव गांधी की ओर से ही पेश किया गया था। वर्ष 1987-88 के अपने बजट भाषण में उन्होंने आवास विकास, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आवास के लिए एक व्यापक कार्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव रखा।

कार्यकाल: 24 जनवरी, 1987 - 25 जुलाई, 1987

एन डी तिवारी-एनडी तिवारी ने निर्यात से होने वाले लाभ पर 100 प्रतिशत आयकर छूट प्रदान की। उन्होंने मशीनरी और कच्चे माल के आयात को बढ़ावा देने के लिए निर्यात ऋण पर ब्याज दर को 12 प्रतिशत से घटाकर 9 प्रतिशत कर दिया।

कार्यकाल: 25 जुलाई, 1987 - 25 जून, 1988

शंकरराव बी. चव्हाण- शंकरराव भावराव चव्हाण के कार्यकाल के दौरान जवाहरलाल नेहरू रोजगार योजना नामक एक गहन ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम शुरू किया गया था। उनके कार्यकाल में ही इक्विटी-लिंक्ड सेविंग्स स्कीम (ईएलएसएस) को व्यक्तिगत बचत को इक्विटी में प्रवाहित करने के लिए शुरू किया गया था। म्यूचुअल फंड और निवेश से होने वाली आय को एक निश्चित सीमा तक कर से छूट दी गई थी।

कार्यकाल: 25 जून, 1988 - 2 दिसंबर, 1989

मधु दंडवते -मधु दंडवते के कार्यकाल के दौरान, घरेलू व्यापार को विनियमित करने वाले स्वर्ण नियंत्रण अधिनियम को समाप्त कर दिया गया ताकि कारीगरों और छोटे सुनारों को लाभ मिल सके। जिस समय दंडवते ने वित्त विभाग का कार्यभार संभाला, उसी समय शेयर बाजार नियामक सेबी की स्थापना की गई।

कार्यकाल: 5 दिसंबर, 1989 - 10 नवंबर, 1990

यशवंत सिन्हा- यशवंत सिन्हा ने चंद्रशेखर के पीएम रहते 1991 में अपने अंतरिम बजट में आर्थिक सुधारों की आधारशिला रखी थी। यशवंत सिन्हा बाद में अटल बिहार वाजपेयी की सरकार में वित्त मंत्री बने। उन्होंने आईटी क्षेत्र के लिए कर छूट को समाप्त कर दिया। संशोधित मूल्य वर्धित कर (टडअळ) को केंद्रीय मूल्य वर्धित कर (उएठश्अळ) से बदल दिया गया। उन्होंने औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए विशेष आर्थिक क्षेत्र भी शुरू किए। उन्होंने ऋण बाजार पुनर्गठन की भी पहल की।

कार्यकाल: 21 नवम्बर, 1990 - 21 जून, 1991; 19 मार्च, 1998 - 13 अक्टूबर, 1999; 13 अक्टूबर, 1999 - 1 जुलाई, 2002

डॉ. मनमोहन सिंह-डॉ. मनमोहन सिंह ने एलपीजी (उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण) नीति के माध्यम से देश के बाजार को खोल दिया, जिसमें विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ाने, राजकोषीय घाटे को कम करने और व्यापार नीति सुधारों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। 2004 में वे देश के प्रधानमंत्री बने। मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री रहते हुए भी वित्त मंत्रालय संभाला।

कार्यकाल: 21 जून, 1991 - 16 मई, 1996; 30 नवंबर, 2008 - 24 जनवरी, 2009; 26 जून, 2012 - 31 जुलाई, 2012

जसवंत सिंह- जसवंत सिंह के नाम सबसे कम समय तक वित्त मंत्री रहने का रिकॉर्ड है। वे 1996 में अटब बिहारी वाजपेयी की सरकार में महज 15 दिनों तक वित्त मंत्री रहे। बाद वे फिर अटल सरकार में वित्त मंत्री बनाए गए। उनके कार्यकाल के दौरान आयकर की इलेक्ट्रॉनिक फाइलिंग शुरू की गई। उन्होंने मानक कटौती में मामूली वृद्धि करके और स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) को आयकर से ?5 लाख तक की छूट देकर करदाताओं को राहत प्रदान की। दो बच्चों की शिक्षा के लिए ?12,000 तक के खर्च पर कर छूट शुरू की गई।

कार्यकाल: 16 मई, 1996 - 1 जून, 1996; 1 जुलाई, 2002 - 22 मई, 2004

पी. चिदंबरम- पी. चिदंबरम ने बढ़ते राजकोषीय घाटे से निपटने के लिए कर सुधार कार्यक्रम शुरू किया। उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फाइनेंस कंपनी (आईडीएफसी) की स्थापना का प्रस्ताव रखा। 'ड्रीम बजट' ने देश में आर्थिक सुधारों के लिए एक रोडमैप पेश किया। इसमें आयकर दरों को कम करने, कॉर्पोरेट करों पर अधिभार हटाने और कॉर्पोरेट कर दरों को कम करने का प्रस्ताव किया गया। उनके कार्यकाल के दौरान, ग्रामीण मजदूरों को 100 दिन का रोजगार देने के लिए मनरेगा योजना शुरू की गई। कर-मुक्त बुनियादी ढांचा बांड जारी किए गए। उन्होंने 7 लाख करोड़ रुपये से अधिक के कृषि ऋण माफ किए। पी. चिदंबरम ने ?1 करोड़ से अधिक की कर योग्य आय पर 10% का अधिभार लागू किया। उनके कार्यकाल के दौरान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजना शुरू की गई। महिलाओं के लिए विशेष रूप से पहला पीएसयू बैंक, भारतीय महिला बैंक शुरू किया गया।

कार्यकाल: 1 जून, 1996 - 21 अप्रैल, 1997; 1 मई, 1997 - 19 मार्च, 1998; 23 मई, 2004 - 30 नवंबर, 2008; 31 जुलाई, 2012 - 26 मई, 2014

आई.के. गुजराल-इन्द्र कुमार गुजराल ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में वित्त विभाग संभाला।

कार्यकाल: 21 अप्रैल, 1997 - 1 मई, 1997

अरुण जेटली-अरुण जेटली ने प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल के दौरान कई अन्य विभागों के साथ वित्त मंत्रालय का कार्यभार संभाला था। जीएसटी और नोटबंदी उनके कार्यकाल के दो बड़े फैसले थे ।2017 में उन्होंने फरवरी के आखिरी कार्य दिवस पर बजट पेश करने की परंपरा को बदल दिया और इसे 1 फरवरी को पेश किया। इसके अलावा, वे 2017-18 में रेलवे बजट का केंद्रीय बजट में विलय कर ह्लएकीकृतह्न बजट पेश करने वाले पहले वित्त मंत्री थे।

कार्यकाल: 26 मई 2014 - 30 मई 2019

पीयूष गोयल-पीयूष गोयल ने 2018 और 2019 में वित्त मंत्री का अतिरिक्त प्रभार संभाला। उन्होंने 1 फरवरी, 2019 को अरुण जेटली की अनुपस्थिति में अंतरिम बजट पेश किया, जो इलाज के लिए अमेरिका गए हुए थे। आयकरदाताओं को ?12,500 की राहत उनके बजट का मुख्य आकर्षण थी।

कार्यकाल: 23 जनवरी, 2019 15 फरवरी, 2019

निर्मला सीतारमण-निर्मला सीतारमण इंदिरा गांधी के बाद दूसरी महिला वित्त मंत्री हैं जिन्होंने मोरारजी देसाई के इस्तीफे के बाद 1970-71 का बजट पेश किया। सीतारमण ने 5 जुलाई, 2019 को अपना पहला बजट भाषण पेश किया। सुपर रिच पर अतिरिक्त अधिभार, राइडर्स के साथ नए आयकर स्लैब, सीमा शुल्क में बढ़ोतरी और आत्मनिर्भर भारत विजन पर ध्यान केंद्रित करना और डिजिटल मुद्रा लॉन्च करने का प्रस्ताव इसकी मुख्य बातें थीं। उन्होंने अब तक लगातार सात बजट पेश किए हैं- छह वार्षिक बजट और एक अंतरिम बजट। वह 1 फरवरी, 2025 को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा बजट पेश करेंगी, यह उनका लगातार 8वां बजट होगा।

कार्यकाल: 31 मई, 2019 - वर्तमान

# निर्वाण लड्डू महोत्सव में हादसे के दौरान दिवंगत आत्मा की शांति व घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना को लेकर की शोक सभा।

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बड़ौत/बागपत-सन्मति हॉस्पिटल, गांधी रोड, बडौत में डा0 संजय जैन के यहां एक शोक सभा आयोजित की गई। जिसमे समस्त मेडिकल एसोसिएशन जैसे I.M.A., B.M.A., N.I.M.A., H.M.A.बड़ौत द्वारा मानस्तंभ परिसर में हुई दुखद दुर्घटना में दिवंगत श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा एवं 2 मिनट का मौन रखकर शोक प्रकट किया गया।

बड़ौत नगर के इतिहास में पहली बार घटित हुई भगवान आदिनाथ निर्वाण उत्सव कार्यक्रम के दौरान अत्यंत दुखद दुर्घटना में दिवंगत श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की मंगल कामना की गई और साथ ही सभी मेडिकल बंधुओ ने पीड़ितों के लिए यथासंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। जिसमें सभी मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य सम्मिलित रहे। कट.अ. के सचिव- डॉ. संजय जैन, कोषाध्यक्ष- डॉ. राकेश जैन, इ.ट.अ. के अध्यक्ष- डॉ.प्रदीप जैन, उपाध्यक्ष-डॉ. राजेश गुप्ता, सचिव- डॉ.प्रभात वशिष्ठ, कोषाध्यक्ष-डॉ. गौरव जैन,ठ.कट.अ. के अध्यक्ष- डॉ. अमित खोकर,सचिव-डॉ. सूरज कुमार, ल.ट.अ.के अध्यक्ष-डॉ. सेठ बग्गा,सचिव-डॉ. प्रबल जैन, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ.पदम जैन, डॉ. रमेश चंद्र वशिष्ठ, डॉ. संजय जैन, डॉ. वैभव जैन, डॉ. राकेश जैन, डॉ. विक्रांत, डॉ. सीमांत राय, डॉ. महेश्वरी, डॉ. सोलंकी, डॉ. रविंद्र, डॉ. विनीत, डॉ धीरेंद्र, डॉ शुभम माहेश्वरी, डॉ संजीव खोखर,आदि सम्मिलित रहे।



# हिंदू युवा वाहिनी बड़ौत ब्लॉक अध्यक्ष मोहित उपाध्याय का जन्मदिन मनाया गया

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



बड़ौत/बागपत-हिंदू युवा वाहिनी बड़ौत ब्लॉक अध्यक्ष मोहित उपाध्याय का हिंदू युवा वाहिनी के जनपद कार्यालय पर बड़ी धूम धाम से जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर मोहित उपाध्याय का कहना है कि मेरे साथियों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मेरा जन्मदिन मनाया। जिसके चलते मोहित उपाध्याय ने अपने तमाम साथियों का तहदिल से आभार व्यक्त किया।

# बागपत के युवाओं को मिलेंगे नौकरी के अवसर : रुचि चौधरी



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बागपत। बडौत के दिल्ली-सहारनपुर हाईवे स्थित होंडा एजेंसी के निकट आवास विकास कॉलोनी में ए सी आर सी सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटिड के ऑफिस का उद्घाटन किया गया।

इस मौके पर रमाला शुगर मिल के चेयरमैन जयदेव सिंह कंडेरा व एडवोकेट जयवीर सिंह तोमर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और उन्होंने संयुक्त रूप से फीता काटकर ऑफिस का शुभारंभ किया। इस मौके पर ए सी आर सी सिक्योरिटी की डायरेक्टर रुचि चौधरी सरूरपुर ने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य युवाओ को सिक्योरिटी सर्विस के माध्यम से रोजगार देना है। यहां के युवाओं को रोजगार की तलाश में दिल्ली, मेरठ, नोएडा, गाजियाबाद व फरीदाबाद आदि स्थानों पर जाना पड़ता था, लेकिन अब हम उन्हें अपने गृह जनपद में ही सिक्योरिटी के जरिये रोजगार दिलाने का कार्य करेंगे। हम हॉस्पिटल, फैक्ट्री, स्कूल-कॉलेज को पी एस ओ, गनर, गार्ड, बॉउन्सर उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने सभी से इस कार्य में उनका सहयोग करने की बात कही। इस मौके पर अंकित चौधरी, पुष्पेंद्र तोमर, अनिल आर्य, धर्मेंद्र तोमर (चेयरमैन), सागर तोमर, शेखर, दीपेश तोमर, यशवंत सिंह, चिराग चौधरी,सत्यव्रत आर्य, हैप्पी शर्मा,विकास गुप्ता, प्रवीण गुप्ता वंश, प्रेमपाल खोखर, ऋषि नैन, कैलाश नैन, राजेन्द्र सिंह,बिरजू नैन आदि लोग मौजूद रहे।

# कैडवा के वृद्धा आश्रम में लगा मानसिक स्वास्थ्य शिविर



बागपत। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत वृद्धाश्रम कैडवा में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में उपस्थित समस्त वृद्धजनों व स्टाफ को मनोचिकित्सक डॉ अजय कुमार ने मानसिक रोग जैसे नींद न आना ,उलझन, घबराहट, मिर्गी के दौरे, चिंता, डिप्रेशन, गुस्सा अधिक आना,मोबाइल की लत लगना, फोबिया, आत्महत्या के विचार आना आदि के विषय में लोगों को जानकारी दी और उपचार किया। डॉ अतुल (एन सी डी सेल) ने स्वास्थ्य प्रशिक्षण किया और डॉ विकास प्रकाश ने आंख की जांच की। मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता हरीश कुमार ने कहा कि टेली मानस हेल्प लाइन नंबर 14416, 18008914416 पर कॉल कर के मानसिक रोग की जानकारी ले सकते है। कैम्प में कुल 40 मरीज की स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें 4 मरीज में मानसिक रोग के लक्षण पाए गए। उनकी काउंसलिंग की गई और जरूरत पड़ने पर जिला अस्पताल आने को कहा गया। 22 मरीजों की आई परीक्षण की गई कैम्प में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिनौली के स्टाफ का सहयोग रहा।

## आर्यन चौधरी की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत आई के कलेक्शन रेड का ट्रॉफी पर कब्जा

# एसआरएमएस को दी 86 रनो से करारी शिकस्त



एनपीटी ब्यूरो

बरेली, पत्रकार क्रिकेटर्स क्लब रजिड्ड के तत्वाधान में खेले जा रही छठी शकुंतला देवी मेमोरियल ळ20 प्राइजमनी क्रिकेट लीग के सातवे दिन आज खिताबी भिड़ंत में आई के रेड ने एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी को एकतरफा मुकाबले में 86 रनों से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया '

टॉस जीतकर आई के कलेक्शन रेड ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया लिए पहले बल्लेबाजी करने उत्तरी आई के रेड ने निर्धारित ओवरों मे 8 विकेट खोकर 193 रन का लक्ष्य एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी के सामने रखा ' आईके रेड की ओर से आर्यन चौधरी ने 46 गेंद में 81 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली ' लक्ष्य का पीछा करने उत्तरी एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी निर्धारित ओवरों मे 9 विकेट खोकर 106 रन ही बना सकी ' आई के रेड की ओर से पर्व सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर मे मात्र 14 रन देकर 3 विकेट लिए '

शानदार आलराउंड प्रदर्शन के लिए एसआरएमएस के अनंतवीर को मैन ऑफ द टूनार्मेंट के पुरुस्कार से पुरुस्कृत किया गया '

पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्या ने विजेता व उपविजेता टीम को विनर व रनर ट्रॉफी व प्राइजमनी देकर पुरुस्कृत किया ' वहीं डॉ सौरभ कुमार अग्रवाल ने मैन ऑफ द टूनामेंट की ट्रॉफी प्रदान की ' पुरस्कार वितरण के दौरान पर्यावरण वन राज्य मंत्री डॉ अरुण कुमार, जीआरएम प्रिंसिपल आर एस रावत,बीसीए के पैटर्न आदित्य मूर्ति,एलआईसी प्रबंधक विक्रे कौशल जोशी, प्रमोद गंगवार,उद्यमी अजय शुक्ला,डॉ विनोद पागरानी, डॉ विमल भारद्वाज, डॉ एम एल मौर्या, संजय सक्सेना, अजीत सक्सेना, राजेश अग्रवाल, संजीव सक्सेना, हैदर अली, गुरविंदर सिंह, सुरेश बाबू मिश्रा, शमा गुप्ता, पार्षद सुधा सक्सेना, प्रमोद सक्सेना आदि मौजूद रहे '

कार्यक्रम के सफल समापन पर पत्रकार क्रिकेटर्स क्लब के अध्यक्ष सुनील सक्सेना व सचिव प्रशांत रायजादा ने सभी आगुन्तकों का आभार जताया '

# रोडवेज बस और ईको कार की टक्कर में दो की मौत, दो गंभीर

एनपीटी ब्यूरो



बरेली। बरेली-पीलीभीत हाईवे पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें रोडवेज बस और यात्रियों से भरी ईको कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस भयावह दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए।

जानकारी के अनुसार, ईको कार में सवार चेतराम (50 वर्ष) अपनी पत्नी सोमवती के साथ बरेली में आंखों का इलाज कराने जा रहे थे, जबकि इकवाल (26 वर्ष), पुत्र इसत्याक अहमद, निवासी पौटा, दवा लेने के लिए बरेली जा रहे थे। सभी लोग पीलीभीत से ईको कार में निकले थे। जैसे ही कार नवाबगंज क्षेत्र के पास पहुंची, सामने से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उसे जबरदस्त टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद ईको कार का ड्राइवर मौके से फरार हो गया, वहीं टक्कर मारने के बाद रोडवेज बस भी बिना रुके आगे बढ़ गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बरेली के जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी है और रोडवेज बस की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# डीआईओएस के निर्देश पर अब स्कूलों में रखे जाएंगे सेनेटरी पैड

एनपीटी ब्यूरो



**बरेली** । गुरुनानक रिक्खी सिंह कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा ने स्कूल टाइम मे मासिक धर्म (पीरियड्स) आने के दौरान कॉलेज प्रशासन से सेनेटरी पैड मांगा था। इस पर शिक्षिका ने उसे क्लासरूम से बाहर कर दिया। इस मामले में छात्रा के पिता ने राज्य महिला आयोग, महिला कल्याण विभाग, डीएम और डीआईओएस से लिखित शिकायत की थी। डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार ने दो सदस्यों की जांच कमेटी गठित कर दी है। स्कूलों में सेनेटरी पैड रखने के निर्देश दिए गए हैं।

आरोपों की जांच के लिए डीआईओएस ने 27 जनवरी को खुद स्कूल पहुंचकर प्रधानाचार्या और शिक्षिका से मामले की जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही छात्रा से भी बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन छात्रा के घर जल्दी चले जाने के करण बातचीत नहीं हो सकी।

डीआईओएस के अनुसार मामले में जांच कमेटी अपनी रिपोर्ट बन रही है, उसके आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

घटना के संबंध में छात्र के पिता ने कॉलेज प्रशासन के इस संवेदनहीन रवैये की लिखित शिकायत राज्य महिला आयोग, महिला कल्याण विभाग, डीएम और डीआईओएस से की थी। इस मामले में दो सदस्यी कमेटी जांच कर रही है।

# डमरू चौराहे पर यातायात नियमों के प्रति लोगों को किया जागरूक.



**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली, राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत और यातायात पुलिस अधीक्षक अकमल खान जी के निर्देशन में राष्ट्रीय स्तर का सामाजिक संगठन एंटी क्राइम एंटी करप्शन ट्रस्ट द्वारा यातायात जागरूकता कार्यक्रम डमरू चौराहे पर किया गया जिसमें हेलमेट की उपयोगिता, सीट बेल्ट, रेड लाइट, एच एस आर पी, नम्बर प्लेट आदि नियमों के बारे में लोगों को जागरूक किया गया !

कार्यक्रम में यातायात पुलिस बरेली से टी एस आई विनीत शर्मा और टी एस आई लखमी चंद और साथ ही कमल जीत सिंह प्रदेश अध्यक्ष ( बरेली जोन) कुमकुम शर्मा, हेमा बत्रा, सविता शर्मा, भाग्यवती, परवीन, शीबा, रति राम, मोहम्मद सलीम, संजय शर्मा, एडविन आर प्रेम, अनिल कुमार सिंह, शहजिल अंसारी, राजीव सक्सेना, सुशील पॉल, आमिर खान, कासिम खान, उपस्थित रहे।

## एस.एन. मेडिकल कॉलेज में दुर्लभ सर्जरी सफल!

# गंभीर हालत में जिंदगी की जंग जीतकर घर लौटा मरीज

**एनपीटी, ब्यूरो**

आगरा। फि रोजाबाद निवासी 70 वर्षीय राम बाबू, जो पेशे से किसान हैं, वर्षों से धूम्रपान के आदी थे। धीरे-धीरे यह आदत उनके जीवन पर भारी पड़ गई। उनकी दाईं टांग की प्रमुख रक्त वाहिनी 90% अवरुद्ध हो चुकी थी, जिससे गैंग्रीन फैलकर पूरी टांग सड़ चुकी थी। सेप्सिस ने पूरे शरीर को जकड़ लिया था, किडनी फेल हो चुकी थी, और हृदय की धड़कन मात्र 40 तक गिर गई थी। बड़े अस्पतालों ने हाथ खड़े कर दिए, लेकिन एस.एन. मेडिकल कॉलेज में मिली नई जिंदगी! राम बाबू के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जहां भी वे इलाज के लिए गए, उन्हें यह कहकर लौटा दिया गया कि मरीज को बचाना नामुमकिन है।परिजनों को जब कोई उम्मीद नजर नहीं आई, तब हताश परिवार आखिरी उम्मीद लेकर एस.एन. मेडिकल कॉलेज, आगरा पहुंचा,तब वे एस.एन. मेडिकल कॉलेज, आगरा के कार्डियोथोरेसिक वैस्कुलर सर्जन डॉ. सुशील सिंघल से मिले। मरीज की हालत नाजुक थी, लेकिन डॉक्टरों की टीम ने हार नहीं मानी और तुरंत दो आपातकालीन सर्जरी करने का निर्णय लिया।

पहली सर्जरीः गैंग्रीन से ग्रसित टिशू को हटाकर सेप्सिस का इलाज किया गया।

दूसरी सर्जरीः बाईं टांग से रक्त वाहिनी लेकर दाईं टांग में कृत्रिम नस (आर्टिफिशियल कंड्यूट) द्वारा बाईपास बनाया गया (फेमोरो-फेमोरल क्रॉसओवर बायपास), जिससे रक्त प्रवाह पुनः सुचारू हुआ।



असाधारण टीमवर्क से मिला जीवनदान!

इस दुर्लभ ऑपरेशन को सफल बनाने में एस.एन. मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों का अहम योगदान रहा—

सर्जरी टीमः

कार्डियोथोरेसिक वैस्कुलर सर्जनः डॉ. सुशील सिंघल ( उळशर), डॉ. पुनीत, डॉ. आकाश, डॉ. सौरभ

एनेस्थीसिया विशेषज्ञः डॉ. अर्चना, डॉ. सुप्रिया, डॉ. मंजीरी, डॉ अनुभव , डॉ रोहन

सहायक स्टाफः सचिन, मोनू

जिस मरीज के बचने की कोई उम्मीद नहीं थी, वह अब स्वस्थ होकर अपने परिवार के साथ जीवन का आनंद ले रहा है !परिजनों की आंखों में आंसू थे, लेकिन इस बार ये आंसू खुशी के थे! सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रशांत लवानिया का विशेष मार्गदर्शन मिला। प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने कहा कि अब एस.एन. मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों द्वारा अत्यंत जटिल सर्जरी भी सफलतापूर्वक की जा रही हैं, जिससे गंभीर मरीजों को बेहतरीन इलाज और जीवनदान मिल रहा है। अब एस.एन. मेडिकल कॉलेज बन रहा है गंभीर मरीजों के लिए जीवन की नई किरण!

# संपादकीय

## हादसों से सबक ले हो भीड़ प्रबंधन

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर तड़के हुए हादसे में कुछ श्रद्धालुओं की मौत की घटना निश्चित रूप से दुर्भाग्यपूर्ण है। यूं तो अतीत में भी प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक व उज्जैन के कुंभों के दौरान भी कई दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुई हैं, लेकिन सवाल है कि क्या हम अतीत के हादसों से कोई सबक ले पाए हैं? यूं तो उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा मेला प्रबंधन व सुरक्षा के चाकचौबंद बंदोबस्त के दावे किए गए थे, लेकिन मौनी अमावस्या की घटना ने यह दुखद स्थिति पैदा कर दी है। करोड़ों तीर्थयात्रियों का अचानक किसी धार्मिक आयोजन में पहुंचना निश्चित रूप से शासन व प्रशासन के लिये बड़ी चुनौती बन जाती है। लेकिन इसके बावजूद शासन-प्रशासन की प्राथमिकता दुर्घटना मुक्त आयोजन ही होना चाहिए। दरअसल, ऐसे आयोजनों में तीर्थयात्रियों की जल्दीबाजी और पहले स्नान करने की होड़ अकसर ऐसी भगदड़ पैदा कर देती है। जो बताती है कि हम सार्वजनिक जीवन में ऐसे बड़े आयोजनों में अनुशासित व्यवहार करने से चूक जाते हैं। दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम इस बात का भी संकेत है कि कुंभ के आयोजनों में पिछले बड़े हादसों के सबक हम पूरी तरह सीख नहीं पाए हैं। हालांकि, शासन-प्रशासन को इस बात का अंदाज था कि इस बार करोड़ों की भीड़ जुटेगी, लेकिन फिर भी कहीं न कहीं सावधानी में चूक तो हुई है। निस्संदेह, महाकुंभ का आयोजन भारतीय सनातन परंपरा का अटूट हिस्सा रहा है। बिना चिट्ठी व तार देश के कोने-कोने से तीर्थयात्री महाकुंभ में जुटते हैं। कल्पवास में संयमित जीवन से आध्यात्मिक लाभ अर्जित करते हैं। लेकिन बदलते वक्त के साथ यातायात के साधनों की उपलब्धता से ऐसे आयोजनों पर भीड़ का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। मीडिया की सक्रियता ऐसे आयोजन के प्रति अतिरेक आकर्षण पैदा कर देती है, जिससे श्रद्धालुओं का अप्रत्याशित सैलाब कुंभ नगरी की तरफ मुड़ जाता है। निश्चित रूप से समय के साथ आये सामाजिक बदलावों के मद्देनजर शासन-प्रशासन को महाकुंभ के आयोजन में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। निश्चित रूप से महाकुंभ के आयोजन से जुड़े तंत्र को उन कारकों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, जिसके चलते इस त्रासदी की छाया प्रयागराज महाकुंभ पर पड़ी। उन तमाम संभावनाओं पर विचार करने की जरूरत है जो कुंभ जैसे बड़े आयोजनों को दुर्घटनाओं से निरापद बनाने में सहायक हो सकती हैं। हालांकि, प्रयागराज महाकुंभ में एआई, ड्रोन व कंप्यूटरों के जरिये व्यापक सुरक्षा प्रबंधों की निगरानी की जा रही है, लेकिन अभी भी अफवाहों व भगदड़ की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिये और अधिक प्रयास करने की जरूरत है। तीर्थयात्रियों को भी जागरूक करने की जरूरत है कि वे धैर्य के साथ अपनी स्नान की बारी का इंतजार करें। साथ ही अफवाहों व जल्दीबाजी से बचें। बताया जाता है कि प्रयागराज हादसे में भी कुछ तीर्थयात्रियों द्वारा स्नान में जल्दीबाजी करने तथा अखाड़ा मार्ग पर लगे बैरिकेड्स पर चढ़ने पर मची अफरातफरी को कारण बताया गया। लेकिन इसके बावजूद पुलिस व अधिकारियों की चूक को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। निश्चित रूप से वे भीड़ के मिजाज को समय रहते भांप लिया जाता तो शायद हादसे को टाला जा सकता। हालांकि, मृतकों के परिजनों व घायलों को मुआवजा देने की घोषणा की गई है। साथ ही न्यायिक जांच के भी आदेश दिए गए हैं। इसके बावजूद इस बात की गहन जांच जरूरी है कि स्थिति कैसे नियंत्रण से बाहर हो गई। यह एक निर्विवाद सत्य है कि गोपनीयता का पर्दा डालने से केवल अफवाहों व गलत सूचनाओं को ही बढ़ावा मिलता है। बहरहाल, आने वाले समय में श्रद्धालुओं को मनोवैज्ञानिक रूप से तैयार करने की भी जरूरत होगी कि वे अपने आसपास के घाट पर ही स्नान करके समान पुण्य अर्जित कर सकते हैं। यह भी कि संगम के सभी घाट समान रूप से पवित्र हैं। इससे चुनिंदा घाटों पर तीर्थयात्रियों का दबाव नहीं बनेगा। साथ ही श्रद्धालुओं को अनुशासित व्यवहार के लिये प्रेरित किया जाना भी बेहद जरूरी है। ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को टाला जा सके।

# क्या बजट आम आदमी की उम्मीदों पर खरा

**बजट में विभिन्न उद्योगों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए प्रोत्साहन योजनाओं की घोषणा से रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सड़कों, रेल, बंदरगाहों और हवाई अड्डों के विकास के लिए बड़े पैमाने पर निवेश की योजना बनाई जा सकती है, जिससे लॉजिस्टिक्स में सुधार होगा और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए जा सकते हैं, जिससे मानव संसाधन का विकास हो सके। महिलाओं के लिए विशेष योजनाओं की घोषणा की जा सकती है, डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाएं लाई जा सकती हैं।**

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लगातार अपना आठवां बजट पेश करेंगी। यह केंद्रीय बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार का अपने तीसरे कार्यकाल का दूसरा पूर्ण वित्तीय बजट होगा। इस बार के बजट से हर सेक्टर की बड़ी उम्मीदें टिकी हुई हैं, इस बजट की घोषणाओं से भविष्य में राष्ट्र किन दिशाओं में आगे बढ़ेगा, उसकी मंशा एवं दिशा अवश्य स्पष्ट होगी। टैक्सपेयर्स भी इस बार वित्तमंत्री से इनकम टैक्स में राहत देने की उम्मीद कर रहा है। मिडिल-क्लास और वेतनभोगियों को भी राहत की उम्मीद है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से यह बजट दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला होगा। संभावना है कि इस बजट में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढांचे में निवेश, क्षमता विस्तार, हरित विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी की गारंटियों पर बल दिया जायेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति दी जायेगी। यह बजट देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा।

आम आदमी बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और घटती खपत के बीच कुछ राहत की उम्मीद लगा रहा है। बजट, शिक्षा, रक्षा, उद्योग, महिलाओं और गरीब वर्गों के लिए सुधारों और प्रोत्साहनों का खाका तैयार करेगा। वित्त मंत्री से उम्मीद की जा रही है कि वे आयकर स्लैब में बदलाव करेंगी, जिससे वेतनभोगियों एवं करदाताओं को राहत मिलेगी। इस समय वेतनभोगी एवं करदाता की 15 लाख रुपये से अधिक की आमदनी पर 30 प्रतिशत टैक्स लगता है। सरकार 10 लाख रुपये तक की आय को




पूरी तरह टैक्स-फ्री करने और 15 से 20 लाख रुपये की आमदनी पर 25 प्रतिशत का नया टैक्स स्लैब लाने पर विचार कर रही है। इससे मध्यम वर्ग के लोगों की खर्च करने की क्षमता बढ़ेगी, जो अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करेगा। केंद्र सरकार बजट सत्र 2025 में नया आयकर कानून पेश करने की योजना बना रही है, जो करदाताओं को लाभान्वित करेगा और कर प्रणाली को सरल बनाएगा। इसके अलावा, सरकार इस बार के बजट में शेयर से होने वाली कमाई पर टैक्स लगाने का प्रावधान कर सकती है। इसमें शेयरों से मिलने वाले लाभांश, ब्याज से होने वाली कमाई और पूंजीगत लाभ पर भी टैक्स लगाया जा सकता है।

यह बजट न केवल देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि सामाजिक और तकनीकी विकास की दिशा में भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण की भी संभावनाएं हैं। इस बजट से विभिन्न क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण घोषणाओं की उम्मीद है, जो अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने और आम जनता को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से की जा सकती हैं। आम आदमी के लिए सबसे पीड़ादायक टैक्स का बोझ है। हालांकि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसे टैक्स का फैसला समय-समय पर जीएसटी काउंसिल में लिया जाता है, लेकिन सरकार से उम्मीद की जाती है कि वो इन शुल्कों को और तर्कसंगत बनाकर आम लोगों को कुछ राहत दे। अर्थव्यवस्था की रफ़्तार धीमी पड़ने के कारण निवेशकों में घबराहट है और इसने रोजगार के अवसरों को भी कम किया है जबकि महंगाई के हिसाब से मजदूरी और वेतन में बढ़ोतरी नहीं होने से खासकर सीमित आमदनी वाले परिवारों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पिछली तिमाहियों में कंपनियों के निराशाजनक प्रदर्शन ने भी इन हालात को मुश्किल बनाया है। जिससे नौकरी चाहने वाले युवाओं को पर्याप्त संख्या में रोजगार नहीं मिल पा रहा है। इन सारे कारकों के कारण मध्य वर्ग ने अपने खर्चों में कटौती की है जिससे पिछले कुछ महीनों में उपभोग में गिरावट आई है। इन परेशानियों एवं चिन्ताओं को कम करने में इस बार का बजट राहतभरा होने की उम्मीदे हैं।

बजट में विभिन्न उद्योगों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए प्रोत्साहन योजनाओं की घोषणा से रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सड़कों, रेल, बंदरगाहों और हवाई अड्डों के विकास के लिए बड़े पैमाने पर निवेश की योजना बनाई जा सकती है, जिससे लॉजिस्टिक्स में सुधार होगा और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए जा सकते हैं, जिससे मानव संसाधन का विकास हो सके। महिलाओं के लिए विशेष योजनाओं की घोषणा की जा सकती है, डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाएं लाई जा सकती हैं। उच्च शिक्षा और अनुसंधान संस्थानों के लिए अतिरिक्त अनुदान दिया जा सकता है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, और चिकित्सा के क्षेत्र में इनोवेशन को प्रोत्साहित करने के लिए नई योजनाएं लाई जा सकती हैं। मेक इन इंडिया पहल के तहत स्वदेशी हथियार निर्माण को प्रोत्साहित किया जाएगा। साइबर खतरों से निपटने के लिए रक्षा बजट का एक हिस्सा डिजिटल सुरक्षा पर केंद्रित हो सकता है। बुलेट ट्रेन परियोजनाओं और रेल नेटवर्क के आधुनिकीकरण को गति दी जाएगी। इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए सब्सिडी और बैटरी निर्माण में निवेश बढ़ाने की योजनाएं पेश की जा सकती हैं। गरीब कल्याण अन्न योजना का विस्तार कर मुफ्त राशन वितरण को जारी रखा जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में घर उपलब्ध कराने के लिए बजट बढ़ाया जाएगा।

यह बजट इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय होगा क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। मोदी के विजन में जहां ह्यहर हाथ को कामह्न का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्न का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। श्रम शक्ति की ओर ज्यादा तवज्जों देने की जरूरत है। बहुत सारे लोग औसत से अधिक कमाते हैं और बहुत सारे लोग कम। देखना यह है कि आम आदमी को कितना लाभ पहुंचता है। उम्मीद है कि निर्मला सीतारमण के बजट से क्या-क्या निकलता है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के आकार का मानक उस देश की जीडीपी होती है और बीते 12 वर्षों में भारत की जीडीपी ने तेज उछाल दर्ज की है। तमाम चुनौतियों को पार करते हुए अर्थव्यवस्था 7 फीसदी से अधिक विकास दर से दौड़ने की अपेक्षा है। तमाम तरह की अनुकूलताओं एवं गुलाबी अर्थ रंगों के बावजूद हमें आर्थिक गति की बाधाओं पर भी ध्यान देना होगा। निजी बचत को बढ़ाये बगैर विकास की तेज रफ्तार का टिके रहना मुश्किल होगा। इसलिए इस ओर अभी से ध्यान देना जरूरी है। श्रम-शक्ति में महिलाओं की कम भागीदारी आर्थिक ही नहीं सामाजिक और अन्य दृष्टियों से भी चिंता की बात है। इस मामले में हम पड़ोस के बांग्लादेश और पाकिस्तान से भी पीछे हैं।

एक फरवरी को होने वाली आर्थिक घोषणाओं को चाहे जो नाम दिया जाये, उनसे वह दशा एवं दिशा स्पष्ट होनी चाहिए कि भविष्य के लिये हम कौनसी राह पकडने वाले हैं। हम किस तरह से आदिवासी समुदाय के उन्नयन के लिये प्रतिबद्ध होंगे। भारत की अर्थव्यवस्था के उन्नयन एवं उम्मीदों को आकार देने की दृष्टि से हम किस तरह से मील का पत्थर साबित होंगे। किस तरह से समाज के सभी वर्गों का सर्वांगीण एवं संतुलित विकास सुनिश्चित होगा। इससे देश की अर्थव्यवस्था का जो नक्शा सामने आयेगा वह इस मायने में उम्मीद की छांव देने वाला साबित होगा, जिससे शहर एवं गांवों के संतुलित विकास पर बल मिल सकेगा। जिससे नया भारत- सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प भी बलशाली बन सकेगा। सच्चाई यही है कि जब तक जमीनी विकास नहीं होगा, तब तक आर्थिक विकास की गति सुनिश्चित नहीं की जा सकेगी। अक्सर बजट में राजनीति, वोटनीति तथा अपनी व अपनी सरकार की छवि-वृद्धि करने के प्रयास ही अधिक दिखाई देते है लेकिन मोदी सरकार के बजट राजनीति प्रेरित नहीं होकर राष्ट्र प्रेरित रहे है।

# अंतरिक्ष में सुनहरी कामयाबी की सौवीं उड़ान

इसरो के अनुसार एनएवीआईसी भारत की स्वतंत्र क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट प्रणाली है जिसे भारत तथा भारतीय भूभाग से लगभग 1,500 किलोमीटर आगे तक फैले क्षेत्र में उपयोगकताओं को सटीक स्थिति (पोजीशन), वेग (वैलोसिटी) तथा समय (टाइमिंग) सेवा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।

भारत ने नए साल का शानदार आगाज करते हुए अंतरिक्ष में दो बड़े कीर्तिमान कायम कर दिए हैं। सबसे पहले इसरो ने 16 जनवरी को अंतरिक्ष में पहली बार दो यानों को सफलतापूर्वक जोड़ कर एक नया इतिहास रचा और इसके कुछ ही दिन बाद 29 जनवरी को उसने अपने ऐतिहासिक 100वें रॉकेट प्रक्षेपण के जरिए अपने दूसरी पीढ़ी के नेविगेशन (नौचालन) उपग्रह को कक्षा में स्थापित कर दिया। भारत को लंबे समय से अंतरिक्ष में अपने यानों की डॉकिंग का इंतजार था। सटीक गणनाओं और अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से हासिल की गई यह उपलब्धि अंतरग्रहीय मिशनों और उन्नत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती क्षमताओं को प्रदर्शित करती है।

इसरो ने सीमित संसाधनों के साथ काम करने के बावजूद एक अत्यधिक परिष्कृत कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया है। डॉकिंग के लिए दो उपग्रहों के बीच सही मिलान की आवश्यकता होती है, और इसमें अविश्वसनीय रूप से जटिल गणनाएं शामिल होती हैं। यह ऐसा काम नहीं है जो हर देश कर सकता है, लेकिन भारत ने एक बार फिर पूरी दुनिया के समक्ष अपनी योग्यता साबित कर दी है।

भविष्य में भारत की अंतरिक्ष में बड़ी-बड़ी महत्वाकांक्षाएं हैं। भारत अंतरिक्ष में अपना स्थायी स्टेशन स्थापित करना चाहता है। अन्य बड़े लक्ष्यों में चंद्रमा से नमूने लाना और वहां मानव भेजना शामिल है। डॉकिंग की तकनीक इन लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। पूरे देश और इसरो के वैज्ञानिकों के लिए यह बड़े गौरव की बात है कि भारत अंतरिक्ष में यान को डॉक करने वाला चौथा देश बन गया है। स्पैडेक्स (स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट) मिशन इसरो की एक महत्वपूर्ण परियोजना है।

इसरो के स्पैडेक्स मिशन को 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा लांच पैड से प्रक्षेपित किया गया था। उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद लगभग 220 किलोग्राम वजन वाले दो अंतरिक्ष यानों को 475 किलोमीटर की गोलाकार कक्षा में प्रक्षेपित किया गया। एक ही रॉकेट पर प्रक्षेपित किए गए दो अंतरिक्ष यान अंतरिक्ष में अलग हो गए। इसरो के डॉकिंग परीक्षण के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेंगलुरु में इसरो कार्यालय में उपस्थित थे। सफल डॉकिंग के बाद उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, यह आने वाले वर्षों में भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। स्पैडेक्स मिशन पर भेजे गए दो छोटे अंतरिक्ष यानों को एसडीएक्स 01 या चेजर और एसडीएक्स 02 या टारगेट कहा जाता है। लांच के बाद दोनों यान सावधानीपूर्वक चुनी गई गति से अंतरिक्ष में यात्रा कर रहे थे। उन्हें



एक साथ अंतरिक्ष में भेजा गया था। लेकिन अलग होने के समय उन्हें अलग-अलग वेग पर रखा गया था ताकि वे अपने बीच 10-20 किलोमीटर की दूरी बना सकें। डॉकिंग के दौरान वैज्ञानिकों ने यानों की दूरी को कम करने के उपाय किए ताकि वे आपस में मिल सकें। स्पैडेक्स के लांच होने के समय एस. सोमनाथ इसरो प्रमुख थे और कुछ दिन पहले अपनी सेवानिवृत्ति तक इसकी प्रगति की निगरानी कर रहे थे। उन्होंने डॉकिंग को एक बहुत ही जटिल प्रक्रिया के रूप में वर्णित किया था, जिसके लिए अत्यधिक सटीकता और समन्वय की आवश्यकता होती है।

आने वाले दिनों में दोनों यानों की अनडॉकिंग (अलग होने) और उनके बीच पावर ट्रांसफर का परीक्षण किया जाएगा। चेजर यान से टारगेट यान में बिजली का हस्तांतरण एक बहुत महत्वपूर्ण प्रयोग है। इसकी सफलता से यह प्रदर्शित किया जा सकेगा कि अंतरिक्ष में तैनात अंतरिक्ष यान की आपूर्ति और सर्विस के लिए दूसरे यान को भेजा जा सकता है। यह मिशन अंतर-उपग्रह संचार के लिए भारत की क्षमताओं का भी परीक्षण करेगा क्योंकि डॉकिंग और अनडॉकिंग के दौरान अंतरिक्ष यान को पृथ्वी स्टेशन के साथ-साथ एक-दूसरे के साथ भी संवाद करना होगा ताकि वे एक-दूसरे की स्थिति और गति जान सकें। अंतरिक्ष यान में वैज्ञानिक उपकरण और कैमरे भी हैं जिन्हें बाद में तैनात किया जाएगा। अगले दो वर्षों में वे अंतरिक्ष में विकिरण को मापेंगे और पृथ्वी पर प्राकृतिक संसाधनों की निगरानी करेंगे।

इसरो अपने मिशनों को किफायती बनाने के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। वह तीन महीने तक कक्षा में कुछ महत्वपूर्ण प्रयोग करने के लिए स्पेसडेक्स को अंतरिक्ष में ले जाने वाले रॉकेट के एक हिस्से का भी उपयोग कर रहा है जो सामान्य परिस्थितियों में अंतरिक्ष मलबा बन जाता है।

पोएम (पीएस4-ऑर्बिटल एक्सपेरीमेंट मॉड्यूल) में 24 पेलोड है और यह पहले ही दो सफल प्रयोग कर चुका है। पहले प्रयोग में उसने बीज अंकुरण का प्रदर्शन किया। इसरो ने एक वीडियो ट्वीट किया था जिसमें कहा गया था कि सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में अंतरिक्ष में लोबिया के अंकुरों ने अपने पहले पत्ते प्रकट कर दिए हैं। सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण अंतरिक्ष यान में अनुभव की जाने वाली लगभग भारहीनता जैसी स्थिति है। वैज्ञानिकों का कहना है कि बीजों का अंकुरण बहुत अच्छी खबर है क्योंकि इसका मतलब है कि भविष्य के अंतरिक्ष यात्री लंबी अवधि के मिशनों के दौरान भोजन का उत्पादन कर सकते हैं।

दूसरे प्रयोग में रोबोटिक भुजा शामिल है। यह रॉकेट के सबसे महत्वपूर्ण पेलोड में से एक है। इसरो के एक्स अकाउंट पर एक वीडियो में रोबोटिक भुजा को अंतरिक्ष मलबे के एक टुकड़े को पकड़ने के लिए आगे बढ़ते हुए दिखाया गया है। यह भुजा अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण के दौरान एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी क्योंकि इसका उपयोग चीजों को पकड़ने और उन्हें सही जगह पर रखने के लिए किया जा सकता है। यह रोबोटिक भुजा चंद्रयान-4 में भी काम आएगी जो भारत का अगला चंद्रमा मिशन है जिसका प्रमुख उद्देश्य चंद्रमा की मिट्टी के नमूने एकत्र करना और उन्हें वापस लाना है।

डॉकिंग के बाद भारत की दूसरी बड़ी उपलब्धि इसरो की 100वीं रॉकेट उड़ान के रूप में सामने आई जब उसके शक्तिशाली जीएसएलवी-एफ15 रॉकेट ने दूसरी पीढ़ी के नेविगेशन उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया। इसरो ने श्रीहरिकोटा से अपने प्रक्षेपण में जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांच वीकल (जीएसएलवी) का इस्तेमाल किया। एनवीएस-02 नेविगेशन उपग्रह को ले जाने वाले जीएसएलवी-एफ15 ने श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी और करीब 19 मिनट बाद रॉकेट ने एनवीएस-02 को 322.93 किमी की जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर कक्षा में स्थापित कर दिया। इसरो के चेयरमैन वी. नारायणन ने कहा कि इसरो ने छह पीढ़ी के रॉकेट प्रक्षेपित किए हैं। इन प्रक्षेपणों के माध्यम से 433 विदेशी उपग्रहों के 23 टन सहित कुल 120 टन वजन वाले 548 उपग्रह स्थापित किए गए हैं। एनवीएस-02, एनवीएस (नेविगेशनल सैटेलाइट) श्रृंखला का दूसरा उपग्रह है। यह भारत के नेविगेशन विद इंडियन कांस्टेलेशन (एनएवीआईसी) का हिस्सा है। इसरो के अनुसार एनएवीआईसी भारत की स्वतंत्र क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट प्रणाली है जिसे भारत तथा भारतीय भूभाग से लगभग 1,500 किलोमीटर आगे तक फैले क्षेत्र में उपयोगकताओं को सटीक स्थिति (पोजीशन) वेग (वैलोसिटी) तथा समय (टाइमिंग) सेवा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो इसका प्राथमिक सेवा क्षेत्र है।

# भीकेयू भानू के पदाधिकारीयो ने खुले मंच पर विद्युत निजीकरण को लेकर संयुक्त संघर्ष समिति को दिया समर्थन

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

मथुरा में आज विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की कार्यकारिणी के साथ भीकेयू भानू के साथ बैठक आयोजित की गई जिसमें किसान यूनियन ने खुले मंच में संयुक्त संघर्ष समिति के कार्यक्रम का समर्थन किया और कहा है अंतिम साँस तक वो निजीकरण की लडाई को लड़ेंगे। भीकेयू भानु के वरिष्ठ राष्ट्रीय प्रवक्ता हरेश ठेनुआ एवं जिला अध्यक्ष देवेंद्र पहलवान के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय के सभागार मथुरा में भाकियू भानु सैकड़ो के पदाधिकारी एवं उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी के साथ विद्युत निजीकरण के विरोध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतीय किसान यूनियन भानु के वरिष्ठ राष्ट्रीय प्रवक्ता हरेश ठेनुआ ने कहा कि



किसान अपने बच्चों को खेत बेचकर इसलिए इंजीनियरिंग नहीं कराता कि उसका बेटा एक संविदा कर्मी बने। अगर विद्युत निजीकरण हुआ तो इसके विरोध में भारतीय किसान यूनियन भानू राष्ट्रीय व्यापी आंदोलन करेगी किसी भी कीमत पर विद्युत विभाग को निजी हाथों में नहीं जाने देंगे। विद्युत निजीकरण से किसानों पर मनमानी करते हुए किसानों का उत्पीड़न किया जाएगा जोकि स्वीकार्य नहीं है जिला अध्यक्ष देवेंद्र पहलवान ने कहा कि विद्युत विभाग का निजीकरण ईस्ट इंडिया कंपनी की तरह है अगर सरकार पर विद्युत व्यवस्था नहीं संभाली जा रही तो इस्तीफा दे देना चाहिए। निजी करण से विद्युत विभाग के कर्मचारी और किसानों का अहित होगा। अगर देश को बचाना है तो निजीकरण को हटाना है सरकार विद्युत विभाग में अधिकारी और कर्मचारियों की भर्ती करे। जिस से रोजगार की कमी भी दूर होगी और संविदा कर्मियों के वेतन में बढ़ोतरी करें। विद्युत कर्मचारी भी इस देश के नागरिक है और हमेशा मौत का खतरा इन पर बना रहता है उनकी सुरक्षा का ध्यान रखते हुए मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराए। भारतीय किसान यूनियन भानु के सभी पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष विद्युत समिति के जिला संयोजक राहुल चौरसिया को विद्युत विभाग के निजीकरण के विरोध में पूर्ण समर्थन दिया। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ राष्ट्रीय प्रवक्ता हरेश ठेनुआ, जिला अध्यक्ष देवेंद्र पहलवान, महानगर अध्यक्ष विजय सिंघल, गणेश तोमर, शैलेंद्र मिश्रा, उमाशंकर शर्मा, संघर्ष समिति के संयोजक राहुल चौरसिया,उपखंड अधिकारी देवेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

# मौनी अमावस्या पर महाकुम्भ में सांसद हेमामालिनी ने किया अमृत स्नान

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



मथुरा की सांसद हेमामालिनी ने प्रयागराज में महाकुंभ में मौनी अमावस्या के दिन भारी भीड़ उमड़ने से भगदड़ की घटना के बाद त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाने भाजपा सांसद हेमा मालिनी पहुंची। आस्था की डुबकी लगाने के बाद हेमा मालिनी ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे इस शुभ दिन पर स्नान करने का अवसर मिला। जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज और योग गुरु बाबा रामदेव ने भी अमृत स्नान किया। मथुरा की सांसद हेमा मालिनी ने मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी संगम में बुधवार सुबह पवित्र स्नान किया। उन्होंने कहा कि मैं बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं, मुझे ऐसा अनुभव पहले कभी नहीं हुआ। आज का दिन बहुत खास है, मैं आज पवित्र स्नान कर बहुत भाग्यशाली महसूस कर रही हूं। ठंड इतनी ज्यादा थी कि पहली डुबकी में हेमा मालिनी पीछे हट गईं। उनके चेहरे पर ठंड का असर साफ दिख रहा था लेकिन दूसरे प्रयास में उन्होंने पूरी आस्था के साथ डुबकी लगाई। उन्होंने भी आस्था की डुबकी लगाकर श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि महाकुंभ में सभी सुरक्षित हैं। इस दौरान उनका वीडियो भी सामने आया जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# मित्तरपुर अहरोला में आयोजित हुआ जश्ने दस्तार बन्दी का कार्यक्रम तीन बच्चों ने हाफिजे कुरान हुए

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद।बुधवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम मित्तरपुर अहरोला में जश्ने दस्तारबंदी के कार्यक्रम का आयोजन किया गया दस्तारबंदी में मेहमानी खुसूसी अहसन रजा खान सज्जादा नशीन दरगाहे आला हजरत बरेली शरीफ ने शिरकत की जिन बच्चों की दस्तार बन्दी की गई उनमें तनवीर रजा साहिल रजा शाने अली को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया जश्ने दस्तारबन्दी कार्यक्रम में खुसूसी खिताब मुफ्ती फुरकान रजा मंजरी बरेली शरीफ ने किया उन्होंने अपने किताब में कुरान की अहमियत पर रोशनी डाली वहीं शायरे इस्लाम आजम इकबाल रामपुरी ने अपनी शायरी से लोगों का दिल जीत लिया और मित्तरपुर अहरोला की जामा मस्जिद को इमाम जावेद रजा बरेली शरीफ ने भी अपने खिताब में इस्लाम व कुरान की अहमियत को बयां किया वहीं फहीम रजा बरकाती ने नाते पढ़कर लोगों का दिल जीत लिया असलम उल कादरी ने आला हजरत की जिंदगी पर रोशनी डाली उधर निजामत कर रहे नकीबे अहले सुन्नत हजरत मौलाना इरशाद उल कादरी ने शेरो शायरी से लोगों का दिल जीत लिया इस मौके पर हाफिज नसीम हाफिज असगर हाफिज शमऊन हाफिज मुशाहिद हाफिज अमान व ग्राम प्रधान इंजमाम उल हक एहसान खान जरीफ खान इरशाद खान साबेज खान आदि लोग शामिल रहे ।

# एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा में किए गए टैबलेट वितरित

एनपीटी, ब्यूरो

आगरा। एस एन मेडिकल कॉलेज, आगरा के कॉलेज ऑफ नर्सिंग में उत्तर प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टैबलेट एवं स्मार्टफोन वितरण योजना के तहत टैबलेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें नर्सिंग के चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र - छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए। समारोह का आयोजन कॉलेज ऑफ नर्सिंग में किया गया । इस समारोह में एस एन मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ प्रशांत गुप्ता , टैबलेट वितरण की नोडल अधिकारी,फॉरेंसिक विभाग की प्रमुख डॉ रिचा गुप्ता, कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रधानाचार्या डॉ सीमा यादव, उप प्रधानाचार्या जैसलिन जेम्स, एवं समस्त कॉलेज ऑफ नर्सिंग की फैकेल्टी उपस्थित रहे।

कॉलेज ऑफ नर्सिंग के चतुर्थ सेमेस्टर के 51 छात्र - छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए। टैबलेट वितरण एस एन मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ प्रशांत गुप्ता द्वारा किए गए। प्रधानाचार्य ने छात्र - छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस टैबलेट का उपयोग सभी छात्र छात्राएँ अच्छे से तकनीकी कार्य एवं प्रशिक्षण के लिए करें, जिस से सभी में तकनीकी कौशल का विकास हो जिसका आने वाले समय में शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में उपयोग किया जा सके उन्होंने सभी छात्र - छात्राओं को इसके लिए बधाई और शुभकामनाएं दी

**उत्तर प्रदेश निः शुल्क टैबलेट स्मार्टफोन योजना**

19 अगस्त 2021 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में अपने संबोधन के दौरान यूपी टैबलेट योजना शुरू करने की घोषणा की है। इस योजना के माध्यम से राज्य के युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराये जायेंगे। इस योजना से करीब 1 करोड़ युवाओं को फायदा होगा`. इस योजना के क्रियान्वयन हेतु राज्य सरकार द्वारा 3000 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है` यूपी फ्री टैबलेट स्मार्टफोन योजना का लाभ ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, टेक्निकल और डिप्लोमा की पढ़ाई करने वाले छात्र प्राप्त कर सकेंगे। इस योजना के तहत युवाओं को मुफ्त में डिजिटल एक्सेस भी प्रदान किया जाएगा। छात्र इन टैबलेट और स्मार्टफोन के माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। आने वाले समय में छात्रों को इन स्मार्टफोन और टैबलेट के जरिए नौकरी ढूंढने में भी आसानी होगी। इसके अलावा यूपी सरकार ने युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने के लिए भत्ता देने का भी ऐलान किया है.

# शाहबाद में राशन कार्ड बनवाने एवं यूनिट चढवाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं लोग

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद नगर में अधिकतर गरीब मजदूर किस्म के लोग रहते हैं ज्यादातर लोग अलग अलग प्रदेशों में रहकर मेहनत मजदूरी करते हैं और अपने परिवार के पालन पोषण में लगे रहते हैं जिन गरीब लोगों के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत राशन कार्ड बने हैं ज्यादातर उनके राशन कार्ड में यूनिट काम है और कुछ के तो राशन कार्ड काट दिए गए जिससे शाहबाद की गरीब जनता अपने राशन कार्ड बनवाने के लिए नगर पंचायत शाहबाद कार्यालय में राशन कार्ड पर रिपोर्ट लगवाने के लिए चक्कर लगा लगाकर थक चुके है अगर नगर पंचायत से राशन कार्ड में यूनिट बढवाने या राशन कार्ड बनवाने के लिए रिपोर्ट लग जाती है तो पूर्ति विभाग शाहबाद उनको एक कोने में डाल देता है जिससे गरीब जनता थक हार कर राशन कार्ड बनवाने के लिए या यूनिट चढवाने को भूल जाती है यह एक ऐसा मुद्दा है जिसको उच्च अधिकारियों को देखना चाहिए जिससे कि गरीब अपने राशन कार्ड से राशन लेकर अपना पालन पोषण कर सके जबकि उत्तर प्रदेश सरकार लगातार गरीबों को फ्री राशन मुहैया करा रही है मगर उसके बाद भी गरीबों तक इस योजना का लाभ पूरी तरह से नहीं पहुंच रहा है क्योंकि किसी के राशन कार्ड में यूनिट कम है तो किसी का राशन कार्ड काट दिया जाता है पूर्ति विभाग में बैठे सरकारी कर्मचारी तथा ठेके के कर्मचारी शाहबाद की जनता की सुनने को तैयार नहीं है और उनके कागजों को अगर वह ले भी लेते हैं तो कार्यालय के एक कोने में डाल देते है।

# शहीद दिवस के अवसर पर 2 मिनट का मौन धारण कर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि दी गई।



एनपीटी, ब्यूरो

आगरा। आगरा मंडल में कल दिनांक 30 जनवरी 2025 को शहीद दिवस (ट१३८१२ह ऊंट) के अवसर पर प्रातः 11 बजे 2 मिनट का मौन धारण कर राष्ट्र पिता महात्मा गाँधी एवं अन्य शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक इन्फ्रा प्रनव कुमार के साथ अन्य अधिकारियों एवं आगरा मंडल के सभी कर्मचारियों ने अपने अपने कार्यालय से ही प्रातः 11 बजे 2 मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। शहीद दिवस (ट१३८१२ह ऊंट) के अवसर पर आगरा मंडल के प्रमुख स्टेशन पर मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि व्यक्त किए जाने की व्यवस्था रखी गई एवं काफी यात्रियों ने स्टेशन पर ही रह कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई

# एडीजी नवनीत सिकेरा करेंगे कल मोशन अकेडमी का उद्घाटन

## ताजनगरी में मोशन अकेडमी की दूसरी ब्रांच का शुभारंभ कल



एनपीटी, ब्यूरो

आगरा। शहर का जाना पहचाना कोचिंग संस्थान मोशन अकेडमी अब 100 फुटा रोड, ताज नगरी, राजपुर आगरा में भी खुलने जा रहा हैं। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. अरून शर्मा ने बताया कि ताज नगरी, राजपुर में मोशन अकेडमी की दूसरी ब्रांच शुरू करने का उद्देश्य राजपुर, फतेहाबाद, शमसाबाद, बाह, पिनाहट, इरादतनगर, क्षेत्र के होनहार व प्रतिभावान छात्र- छात्राओं को इंजीनियरिंग व नीट की तैयारी करा कर छात्र-छात्राओं को डाक्टर व इंजीनरियर बनाने के सपने को पूरा करना हैं । मोशन अकेडमी की दूसरी ब्रांच का शुभारम्भ 1 फरवरी को मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के एडीजी नवनीत सिकेरा के कर कमलों से होगा।

संस्थान के शुभारंभ समारोह में आगरा शहर के शिक्षा जगत से जुडे हुऐ शिक्षकों का सम्मान होगा। मोशन अकडमी पिछले छः सालों से लगातार हजारों छात्र - छात्राओं को उनके डाक्टर व इंजीनियर बनने के सपनो को सकार करने में मदद करता चला आ रहा है। साथ ही संस्थान के अनुभवी डाक्टर व आईआईटीअन फैकल्टी होने के वजह से आईआईटी व नीट में हर साल आगरा टॉपर के साथ बेहतरीन व उत्कृष्ठ रिजल्ट देता आ रहा हैं। समारोह में प्रबुद्ध वर्ग के लोग समारोह की शोभा बढाते दिखाई देगें।

# दबंगों ने महिला के घर में घुसकर की मारपीट

एनपीटी ब्यूरो

बरेली। थाना किला क्षेत्र के छावनी होली चौक निवासी तुलसी देवी पत्नी स्वर्गीय पोशाकी लाल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायत करते हुए बताया कि उसने अपनी जमीन को लेकर शिकायत की हुई थी जिसको लेकर 29 जनवरी 2025 की शाम लगभग 5:30 बजे कुछ अधिकारी क्षेत्र में निरीक्षण के लिए आए थे इसी से नाराज होकर आरोपी राधेश्याम, सूरजपाल पुत्रगण चोखेलाल एवं अशफाक उर्फ मनी पुत्र अब्दुल मजीद शाम के समय दरवाजा तोड़कर घर में घुस आए जिनके हाथों में लाठी डंडे व नाजायज हथियार थे आरोपी मारपीट करने लगे जब प्रार्थनी व मंजू ने विरोध किया तो आरोपियों ने बाल पकड़कर घसीटा व कपड़े फाड़ कर अश्लीलता की महिला ने आरोपियों पर सख्त कार्यवाही की माँग की है।

# पिता की लाइसेंसी बंदूक से खुद को मारी गोली, आंगन में खून से लथपथ मिली लाश

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

मथुरा के कस्बा राया के मोहल्ला घड़ी में गुरुवार को अज्ञात कारणों को लेकर एक 38 वर्षीय युवक ने घर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कस्बा राया के मोहल्ला गढ़ी निवासी मनोज शर्मा पुत्र श्याम सुंदर शर्मा ने दोपहर अपने पिता की लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली की आवाज सुनकर पड़ोसी घर की तरफ दौड़ पड़े। आंगन में मनोज का शव लहूलुहान हालात में पड़ा था। घटना की



जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल घटनास्थल पर पहुंच गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज गया है। घटना के समय उनकी पत्नी और बेटी घर पर मौजूद थी। वहीं छोटा बेटा स्कूल में पढ़ने गया था। घटना के बाद घर मे कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन राकेश शर्मा, स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष रविकांत वर्मा, रामलीला कमेटी अध्यक्ष अभिषेक शर्मा मौके पर पहुंच गए। मनोज ने खुद को गोली क्यों मारी पुलिस इसकी जानकारी परिजनों से बातचीत कर जुटा रही है।

# बरौली अहीर के गांव एत्मादपुर मदरा के मुख्य मार्ग पर जलभराव से स्थानीय लोग

एनपीटी, ब्यूरो

आगरा। विकासखंड बरौली अहीर के गांव एतमादपुर मदरा गांव के मुख्य मार्ग पर जलभराव की स्थिति भयंकर बनी हुई है। जिसके चलते स्थानीय निवासियों का खेत खलिहान बजार का आवागमन व स्कूली वाहन एवं बच्चो का निकलना मुश्किल हो गया है। इस जलभराव संबंधित निराकरण के लिए आगरा लोकनिर्माण विभाग खंड 2 के जिम्मेदार अधिकारीगणो से कई बार की है लेकिन उनके कानो तले जूं तक नही रैगी लोकनिर्माण विभाग खंड 2 की घोर लापरवाही मिली है।तभी किसान नेता सोमवीर यादव ने प्रशासन को कड़ी चेतावनी दी है। अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आगरा कलेक्ट्रेट सभागार मे धरना प्रदर्शन कर रोड को जाम कर दिया जाएगा । गांव एतमादपुर मदरा के



मुख्य मार्ग पर भरे जलभराव की निकासी न होने के कारण यह समस्या बनी हुई है।जिसके कारण मुख्य मार्ग पर भरे जलभराव के चलते लोगों का जीना दुश्वावार हो गया है। ग्रामीणों ने उक्त मुख्य मार्ग के भरे जलभराव संबंधित निराकरण के लिए लोकनिर्माण विभाग खण्ड02 से सही कराये जाने की समाधान की मांग की है।

मुख्य मंत्री पोर्टल पर की शिकायत–किसान नेता सोमवीर यादव ने बताया है कि गांव एतमादपुर मदरा मुख्य मार्ग पर भारी जलभराव को लेकर आक्रोश है। जिसके चलते जलभराव का पानी रोड पर बहता है। गांव एतमादपुर मदरा मे जल भराव के चलते लोगों का जीना दुश्वावार हो गया है। ग्रामीणों ने ग्रामीणों ने उक्त मार्ग को लोकनिर्माण विभाग खण्ड02 से सही कराये जाने की मांग की है। समस्या को जल्द से जल्द समाधान की मांग की है।

# प्रयागराज महाकुंभ से लौटे लाखों श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी में लगाई डुबकी



चित्रकूट ब्यूरोः प्रयागराज महाकुंभ व मौनी अमावस्या में जनपद आई श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करते हुए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने पूरा जोर लगा दिया। डीएम-एसपी ने लगातार भ्रमण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए श्रद्धालुओं की सुविधाओं को देखा। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए बेडी पुलिया, रामघाट, बरहा के हनुमान मंदिर, यूपीटी तिराहा सहित महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों पर लगातार भ्रमणशील होकर सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों को मेले को सकुशल संपन्न करने के निर्देश दिए। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि कहीं पर भी भीड़ इकट्ठी न होने पाए। अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि बैरिकेटिंग को टाइट रखें, जिससे कि नाविक किनारे पर न आ सके तथा श्रद्धालुओं को स्नान करने में परेशानी न हो। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को रामघाट पर सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। नाविको को निर्देशित किया कि कोई भी श्रद्धालु से अतिरिक्त पैसा न लें। उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि निर्मोही अखाड़ा से फूड प्लाजा तक रोड़ पर अतिक्रमण करने वालों को नोटिस जारी करें। फूड प्लाजा के पास विकास प्राधिकरण की खाली पडी जमीन का नक्शा लेकर निरीक्षण करने को कहा। सीसी टीवी कैमरा का निरीक्षण करते हुए संचालित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने परिक्रमा मार्ग व रामघाट में आए श्रद्धालुओं से उनकी समस्याओं के बारे में जाना। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, पुलिस क्षेत्राधिकार राजकमल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**ड्रोन कैमरे से की गुई निगरानी**

महाकुंभ 2025 प्रयागराज व अमावस्या मेला के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने व मेले का सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मेला क्षेत्र के यूपीटी तिराहे पर ड्रोन कैमरे से निगरानी करते हुए श्रद्धालुओं की भीड़ पर दृष्टि बनाए रखी गई।

**संयुक्त टीम ने चलाया जांच अभियान-**

महाकुंभ 2025 प्रयागराज व अमावस्या मेला में आए श्रद्धालुओं की भीड़ के दृष्टिगत एस चेक टीम, डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू चित्रकूट की संयुक्त टीमों द्वारा मेला क्षेत्र के रामघाट सहित भीड़-भाड़ वाले स्थान में संदिग्ध वस्तुओं व व्यक्तियों की जांच की गई। साथ ही लोगों को संदिग्ध वस्तुओं को न छूने के लिए जागरूक किया।

**बिछड़ों को मिलाया**

मेला क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा श्रद्धालुओं की भीड़ में बिछड़ी तीन महिलाओं व एक बालक को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया। जिसमें मेला क्षेत्र के भरतमिलाप मंदिर पर परिजनों से बिछडी इन्दु निम्बलांकर, लक्ष्मण पहाड़ी के पास परिजनों से बिछडी उर्मिला डेहरिया, कामतानाथ मंदिर में परिजनों से बिछडी कैलाशी पटेल को ड्यूटी पर तैनात जनसूचना सेल निरीक्षक जयप्रकाश उपाध्याय, उपनिरीक्षक अनूप शुक्ला, आरक्षी शुभम शुक्ला व महिला आरक्षी अंजली द्वारा सम्पर्क कर उनके परिवार के सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार सात वर्षीय डुग्गू सिंह रजावत अपने माता-पिता से बिछड़ गया था, जिसे ड्यूटि पर तैनात उपनिरीक्षक उत्कर्ष सिंह, महिला आरक्षी रीता यादव, प्रियंका सिंह, आरक्षी विवेक कुमार द्वारा मोबाइल नंबर से संपर्क कर बच्चे को पिता प्रदीप सिंह रजावत के सुपुर्द किया गया।

# पुण्यतिथि पर बापू को किया गया याद



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चित्रकूटः महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय स्थित गांधी उद्यान में राष्ट्रपति महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलगुरु ने प्रशासनिक भवन के सम्मुख स्थित गांधी उद्यान में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें हार्दिक नमन किया। इस दौरान कुलगुरु प्रोफेसर डॉ भरत मिश्रा सहित ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन धारण कर सामूहिक श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. नंदलाल मिश्र ने किया। इस मौके पर कुलसचिव, अधिष्ठातागण आदि मौजूद रहे।

# अपर जिला जज ने किया राजकीय संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण



चित्रकूट ब्यूरोः उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के द्वारा जारी कार्ययोजना के अनुक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्रकूट के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने गुरुवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अपर जिला जज ने राजकीय संप्रेक्षण गृह गल्लामण्डी कसहाई रोड से नवीन भवन एसडीएम कालोनी गांधीगंज में शिफ्ट होने पर कमरों का वर्गीकरण नहीं पाया। साथ ही पाया कि नवीन राजकीय संप्रेक्षण गृह में बालकों की पूर्ण रूप से व्यवस्था स्थापित नहीं हो पायी है, बालकों का आयु के अनुरूप अलग-अलग कमरों में वर्गीकरण लम्बित है तथा पीने के लिए साफ पानी की भी व्यवस्था नहीं है। बालकों ने बताया कि कई माह से अन्तर्वस्त्र भी उपलब्ध नहीं कराये गये हैं तथा गीजर आदि भी लगना बाकी है। इस पर अपर जिला जज ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह अधीक्षक को निर्देश दिए कि प्राथमिक आवश्यकता वाली वस्तुओं के लिए अविलम्ब कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बालकों को दैनिक रूप से डायरी लिखने के लिए भी प्रेरित किया।

इस दौरान राजकीय सम्प्रेक्षण गृह चित्रकूट में आवासित बाल अपचारियों को विधिक जानकारी के लिए लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से अपने मुकदमों की पैरवी के लिये निःशुल्क अधिवक्ता के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि यदि किसी बाल अपचारी के पास अधिवक्ता उपलब्ध न हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से अपने वाद की पैरवी के लिए निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है। इस मौके पर निरीक्षण के संस्था प्रभारी बीर सिंह, किशोर न्यायबोर्ड के सदस्य शिवशंकर त्रिपाठी, काउन्सलर आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### एसपी ने दी बापू को श्रद्धांजलि

चित्रकूटः पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वारा गुरुवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं स्वतन्त्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया। इसी प्रकार जनपद के समस्त थाना/चैकी कार्यालयों में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर पुलिस कार्यालय में पुलिस उपाधीक्षक प्रज्ञान अजेय कुमार शर्मा, प्रधान लिपिक अनिल मोहन शुक्ला, प्रभारी आंकिक, अमृतलाल सरोज, पीआरओ प्रवीण सिंह, प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

### कौग्रेसियों ने लिया बापू के बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प

चित्रकूट ब्यूरोः जिला कौंग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का बलिदान दिवस मनाया गया। कौंग्रेसियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करे हुए उन्हें याद किया। साथ ही गोष्ठी का आयोजन कर राम धुन का गायन किया गया।

गोष्ठी में कौंग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे तथा हमेशा कमजोर वर्ग के लोगों की बात सुनते थे। इस दौरान सभी ने बापू के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला महासचिव विजयमणि त्रिपाठी, अरुण गुप्ता, महेंद्र सिंह, सविता पाल, रावेंद्र सिंह पटेल, कल्याण सिंह पटेल, विनीत गांधी, योगेंद्र आदि मौजूद रहे।

### आवेदन 15 तक

चित्रकूटः सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मत्स्य विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की विभिन्न मात्स्यिकी परियोजनाओं के लाभ से जनमानस को आच्छादित करने के लिए एक फरवरी से आवेदन किए जाएंगे, जिसकी अंतिम तिथि 15 फरवरी है। बताया कि योजनांतर्गत परियोजनाओं का विवरण, इकाई लागत, आवेदन की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले अभिलेख, विस्तृत विवरण विभाग के पोर्टल पर उपलब्ध है। इससे सम्बन्धित जानकारी के लिए मत्स्य विभाग के जनपदीय कार्यालय कालूपुर पाही में किसी भी कार्य दिवस पर संपर्क किया जा सकता है।

### जेल चौराहा से घंटाघर तक हटावाया गया अतिक्रमण

ललितपुर। अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान नगर पालिका व राजस्व विभाग ने बयाना नाला पुल से जेल चौराहा और जेल चौराहा से घंटाघर तक दोनों ओर चिह्नांकन किया। परिधि में आए अतिक्रमण को टीम ने हटाया।

बयाना नाले के पास अतिक्रमण हटाओ टीम ने चिह्नांकन किया और इसकी परिधि में आने वाले अतिक्रमण कारियों को चेतावनी दी कि वह अपना कब्जा स्वयं हटा लें। जो भी चिह्नांकन की परिधि में आता है और उसके पास भू-स्वामित्व संबंधी अभिलेख हैं तो वे दो दिन के अंदर नगर पालिका परिषद कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा अतिक्रमण हटा दिया जाएगा और समस्त हर्जे-खर्चे की वसूली की जाएगी।

टीम ने मोहल्ला कसाई मंडी में सड़क किनारे खड़े चार पहिया वाहनों को हटवाया और चालकों को चेतावनी दी कि सड़क किनारे वाहन खड़े न करें। अभियान में एसडीएम न्यायिक मनीष कुमार, ईओ नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, कर निर्धारण अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, कर अधीक्षक/प्रभारी सफाई निरीक्षक राजेश जैन, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेंद्र स्वरूप तिवारी, अवर अभियंता खुशबू, आशुतोष आदि शामिल रहे।

# पिरामल संस्था के कार्यो की बीएसए ने की समीक्षा



चित्रकूट ब्यूरोः पिरामल संस्था द्वारा स्कूलों में किए गए कार्यो की समीक्षा बैठक गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें बीएसए ने संस्था के कार्यो की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने संस्था द्वारा किये गए कार्यो जानकारी ली एवं सभी को निर्देशित किया कि प्रत्येक स्तर पर विद्यालयों को निपुण बनाने में सहयोग करें तथा ग्राम्य स्तर पर अभिभावकों को भी विद्यालय के लिए प्रेरित करें। कहा कि नियमित तौर पर मासिक प्रगति आख्या बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराएं। साथ ही संस्था के फेलो विद्यालय स्तर पर गतिविधि आधारित शिक्षण, छात्रों की उपस्थित, एफएलएन किट का उपयोग एवं बच्चों के लिए विद्यालय में भयमुक्त वातावरण पर विशेष ध्यान दें। संस्था प्रबंधक अनिल शुक्ल ने निर्देशित सुझावों का स्वागत करते हुए अग्रिम बैठक में रिपोर्ट देने की बात कही। इस मौक प्रोग्राम लीडर गरिमा, प्रिया, गाँधी फेलो गौरव, सत्यश्री, प्रतिक्षा, अभिमन्यु आदि मौजूद रहे।

# जेवी चैंपियन और अवनी अवेंजर्स की टीम विजयी

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

ललितपुर। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में समाजसेवी हरिहर नारायण चौबे की पुण्य तिथि पर आयोजित हीरो कप में बुधवार को पहला मैच मनगुवा वारियर्स व जेबी चैंपियन के मध्य खेला गया। जेवी चैंपियन टीम विजयी रही। दूसरा मैच अवनी अवेंजर्स एवं डायमंड रॉयल किंग के मध्य खेला गया। अपनी अवेंजर्स ने 10 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। रन रेट के हिसाब से मनगुवा वारियर्स ने सेमीफाइनल में पहुंची।

तुवन मैदान पर चल रहे क्रिकेट मैच में जेवी चैंपियन टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 212 रन बनाए। मनगुवा वारियर्स की ओर से गेंदबाजी करते हुए पीके राजपूत ने तीन विकेट, विक्रांत व अभिनव ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मनगुवा की टीम ने शानदार बल्लेबाजी की। विक्रम भदोरिया ने 37 रन, अभिषेक शर्मा ने 50 रन, अभिनव तोमर ने 34 रन का योगदान दिया।

जीवी चैंपियन की ओर से अच्छी गेंदबाजी करते हुए पुष्पेंद्र राजा ने चार विकेट, सोनू राजा ने दो विकेट, उदय यादव ने एक विकेट लिया। जेवी चैंपियन ने 15 रन से मुकाबला जीत लिया। लेकिन, सेमीफाइनल में रन रेट के हिसाब से मनगुवा वारियर्स ने जगह बनाई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सोनू राजा छपरट को दिया गया।

दूसरा मैच अवनी अवेंजर्स एवं डायमंड रॉयल किंग के मध्य खेला गया। डायमंड रॉयल किंग पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 61 रन पर ऑल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछे करने उतरी अवेंजर्स की टीम ने शानदार बल्लेबाजी कर 10 विकेट से मुकाबला जीत लिया। मैन ऑफ द मैच पुरस्कार पांच विकेट लेने पर नदीम को दिया गया।

इस दौरान सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव, कुशवाहा समाज के अध्यक्ष भजन लाल कुशवाहा, मनमोहन जड़िया, कौस्तुभ चौबे, राजीव बबेले, अनूप मोदी, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शत्रुघन यादव, सचिव बृज बिहारी मिश्रा, सुधीर श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# 63 विद्यालयों के ऊपर से हटेगी बिजली की लाइन

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

ललितपुर। प्राइमरी और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के ऊपर से गुजरी बिजली की लाइन जल्द हटेगी। शासन के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने 63 विद्यालयों से लाइन हटाने के लिए प्रस्ताव भेजा है। जबकि, 14 विद्यालयों के ऊपर से गुजरी लाइन का एस्टीमेट अब तक बिजली विभाग में लंबित है।

जिले में 1354 परिषदीय व कंपोजिट विद्यालय हैं, इनमें 1.68 लाख छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। विभिन्न ब्लॉक अंतर्गत कई विद्यालय ऐसे हैं, जिनके ऊपर से हाईटेंशन या लो टेंशन लाइन गुजरी है। इन लाइनों से हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है। कई बार लाइनें हटवाने की मांग की गईं, लेकिन विभागीय अफसर अनदेखी करते रहे।

शिक्षा विभाग ने इन तारों को हटाने के लिए बिजली विभाग को भी कई दफा पत्र लिखा, लेकिन नतीजा शून्य निकला। तेज हवा चलने पर स्पार्किंग होने और कोई अनहोनी न हो, इसे देखते हुए शासन ने बेसिक शिक्षा विभाग को ऐसे विद्यालयों को चिह्नित करने का आदेश दिया था।

बेसिक शिक्षा विभाग ने विभिन्न ब्लॉक अंतर्गत 77 विद्यालयों को चिह्नित किया। इन विद्यालयों से बिजली की लाइन हटाने के लिए बिजली विभाग को पत्राचार कर एस्टीमेट बनाने को कहा। बिजली विभाग ने 63 विद्यालयों के ऊपर से गुजरी लाइन को हटाने के लिए 54.48 लाख रुपये का एस्टीमेट तैयार कर शिक्षा विभाग को भेजा था।

बेसिक शिक्षा विभाग ने यह एस्टीमेट शासन को भेजा था। शेष 14 विद्यालयों का एस्टीमेट बिजली विभाग में लंबित है। हाल में शासन ने एक बार फिर से पत्राचार कर विद्यालयों के ऊपर से निकली बिजली की लाइनों का ब्योरा मांगा। अब बेसिक शिक्षा विभाग पूरा ब्योरा शासन को प्रेषित करने की कवायद में जुटा है।

**ब्लॉकवार विद्यालयों के ऊपर से गुजरी बिजली की लाइन**

ब्लॉक - एस्टीमेट वाले विद्यालय - लंबित एस्टीमेट वाले विद्यालय - कुल

बार - 08 - 01 - 09
जखौरा - 22 - 02 - 24
महरौनी - 09 - 00 - 09
मड़ावरा - 09 - 00 - 09
तालबेहट - 07 - 03 - 10
बिरधा - 08 - 08 - 16
योग - 63 - 14 - 77

--------

77 विद्यालयों के ऊपर से बिजली की लाइन गुजरी है। विभाग ने 63 विद्यालयों से लाइन हटाने के लिए 54.48 लाख रुपये का एस्टीमेट तैयार किया है, जबकि शेष 14 विद्यालयों का एस्टीमेट लंबित है। इसके लिए पत्राचार किया जा रहा है।

**- इंजी. जाहर सिंह निरंजन, डीसी, निर्माण, सर्व शिक्षा अभियान**

# विवाहिता की दहेज हत्या के मामले में विवाहिता की पति, सास-ससुर व ननद को सजा

चित्रकूट ब्यूरोः गर्भवती विवाहिता की दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने मृतका के सास, ससुर और पति को 14-14 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही मृतका की ननद को भी 12 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता गोपाल दास ने बताया कि मऊ क्षेत्र के ताड़ी गांव के निवासी ज्ञानचन्द्र ने मऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में ज्ञानचन्द्र ने बताया कि उसने अपनी बेटी गीता की शादी बीती छह मई 2019 को शिवपुर गांव के निवासी हनुमान के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन उसकी बेटी से दहेज में एक लाख रुपये और लाने की मांग करने लगे। साथ ही मांग को लेकर उसके साथ मारपीट करने लगे। इसके चलते वह गीता को अपने गांव ताड़ी ले आया, किंतु ससुरालीजन उसे आकर दोबारा उत्पीड़न न करने का वादा करके वापस ले गए। इसके बाद बीती 23 मई 2020 को शाम चार बजे गीता ने बताया कि उसे बहुत मारा है। इसकी सूचना मिलने पर वह मौके पर गया, जहां चिकित्सक ने बताया कि गंभीर हालत के चलते गीता को प्रयागराज रिफर कर दिया गया है। वहां जाने पर गीता ने उसे बताया कि ससुरालीजनों ने उस पर मिट्टी का तेज डालकर उसे जलाया था। इलाज के दौरान उसकी गर्भवती बेटी का गर्भपात हो गया और 30 मई 2020 को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को त्वरित न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर मृतका गीता के पति हनुमान, ससुर गंगा उर्फ गंगादीन व सास रामदुलारी को 14-14 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई।

# जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्माण कार्यों में लाएं प्रगति - जिला कलक्टर

## -जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी, 30 जनवरी। जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की मासिक बैठक गुरुवार को जिला कलक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए की आगामी गर्मियों के मौसम को देखते हुए पेयजल से संबंधित सभी टेंडर प्रक्रिया को समय से पूर्ण कर लिया जावे ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मांगली एवं जरखोदा पंप हाउस में बिजली संबंधी सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाएं ताकि गर्मियों में निर्बाध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने बालचंदपाड़ा मे राइजिंग लाइन में हो रहे अवैध कनेक्शनों कि समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की संबंधित विभाग कार्य योजना बनाकर समस्या का समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने हैंडपंप रिपेयर, नए हैंडपंप लगवाने, शुद्ध पेयजल कि उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत करवाए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जावेगी। उन्होंने जेजेएम के अंतर्गत नौनेरा परियोजना के लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने सहित जरूरी दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिन निर्माण कार्यों की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है उन्हें जल्द से जल्द वर्क आर्डर जारी करके काम शुरू करवाया जाए। जल जीवन मिशन के कार्यों में वाइल्ड लाइफ से संबंधित स्वीकृति के लिए वन विभाग से एनओसी ली जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के तहत क्षतिग्रस्त होने वाली सड़कों को तुरंत प्रभाव से ठीक कराया जावे।

उन्होंने निर्देश दिए कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायतों द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों तथा राजकीय विद्यालयों में शौचालय निर्माण एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करवाई जाए।

बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी सामर, उपनिदेशक आईसीडीएस ऋचा चतुर्वेदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर हुआ संपन्न



**ब्यरो -एनपीटी**

बून्दी, 30 जनवरी। एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन गुरूवार को होटल शगुन, पावर हाउस के सामने, नैनवां रोड़ में किया गया।इस दौरान रोजगार सहायता शिविर का शुभारंभ नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल के द्वारा किया गया।जिला रोजगार अधिकारी भैरूप्रकाश नागर ने बताया कि इस शिविर में गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड बून्दी, वरूण बेवरेज कापरेन, नवभारत फटीर्लाईजर लिमिटेड़ जयपुर, श्री शंकर गौरी ऐग्रो प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड़ बून्दी, एन.आई.आई.टी जयपुर एवं हरियाणा, सहित कुल 24 सस्थानो ने शिविर में भाग लिया। संस्थानों द्वारा नियोजन के लिए 360 स्वनियोजन के लिए 28 आशार्थियों का प्राथमिक चयन किया एवं इसके अतिरिक्त राजस्थान कौशल आजीविका विकास निगम, बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान बून्दी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बून्दी द्वारा कुल 221 आशार्थियों का चयन प्रशिक्षण के लिए किया गया। शिविर में लगभग 800 से 900 आशार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस मेले में प्रारंभिक सत्र का निरीक्षण सभापति सरोज अग्रवाल, जिला परिवहन अधिकारी रजनीश विद्यार्थी, अग्रणी जिला प्रबन्धक राजीव गुप्ता, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महावीर कुमार शर्मा, एवं सीओ गाइड कृतिक पाराशर, डॉ दिलीप कुमार राठौड़ भी मौजूद रहे एवं साथ हीं व्याख्याता भूपेन्द्र शर्मा द्वारा मंच संचालन किया गया। शिविर में दीपक बाथरा, रविराज मिश्रण, विष्णु प्रसाद शर्मा और लोकेश सैनी भी मौजूद रहे।

# पुलिस की एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई



**ब्यरो -एनपीटी**

बूँदी! जिला पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा द्वारा अधिकारियो कर्मचारियो की संपर्क सभा का आयोजन किया गया!संपर्क सभा मे उपस्थित कार्मिको की डयुटी से सम्बन्धित तथा निजी समस्या के बारे मे जाना तथा उनके समाधान के लिए मोके पर मोजुद अधिकारियो को आवश्यक निर्देश दिये तथा कहा की किसी भी जवान या अधिकारी को कोई भी समस्या हो तो वह सीधे कार्यालय मे आकर अवगत करवाये।जिला पुलिस अधीक्षक महोदय ने जिले के सभी कार्मिको को निर्देश दिये की पुलिस कर्मी डयुटी के दोरान अच्छे व्यवहार का परिचय देकर आमजन के मन मे अटुट विश्वास बनाये सामाजिक जीवन मे भी अपनी ऐसी छवी बनाये की दुसरो के लिये प्रेरक बन सके । पुलिस थाने मे परिवाद लेकर आने वाले परिवादियो की समस्याओ को आराम से सुनकर समाधान का हर संभव प्रयास करे । आपराधिक गतिविधियो मे लिप्त असामाजिक तत्वो पर निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया ।

## मैनपुरा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आज

पी महरानियां झुंझुनूं चंवरा। क्षेत्र के ग्राम पंचायत मैनपुरा में आज शुक्रवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन बराला ज्वेलर्स की ओर से किया जाएगा। बराला ज्वेलर्स के संचालक मनदीप बराला ने बताया कि शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, दंत रोग विशेषज्ञ, हड्डी जोड़ प्रत्यारोपण एवं स्पाइस सर्जन और आंखों के डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे। कौशिक आई हॉस्पिटल द्वारा आंखों की निःशुल्क जांच कर दवाइयां एवं परामर्श दिया जाएगा। शिविर में खून व पेशाब की जांच और दवाइयां निःशुल्क रहेगी।

# मनीष मीणा हत्याकांड को लेकर अब तेज होगा आंदोलन

## श्रीनगर के ग्रामीण धरने पर बैठे, त्रिलोक सुरलाया समिति ने भी दिया समर्थन



**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी 30 जनवरी।मनीष मीणा हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर बूंदी जिला कलेक्ट्रेट पर धरना गुरुवार को 23 वे दिन भी जारी रहा। गुरुवार को श्रीनगर के ग्रामीणों की ओर से धरना दिया गया वहीं त्रिलोक सुरलाया समाज उत्थान समिति के पदाधिकारियों ने भी अध्यक्ष अशोक भंडारी और संरक्षक कपूरचंद सेठिया के नेतृत्व में धरने को समर्थन दिया।

**अब तेज होगा आंदोलन-** मीणा समाज के संरक्षक आनंदीलाल लाल मीणा ने कहा कि 23 दिन धरने के बाद भी राज्य सरकार व जिला प्रशासन के द्वारा मनीष मीणा के पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाने के लिए कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। सर्व समाज के लोग सरकार से मांग कर रहे हैं फिर भी सुनवाई नहीं हो रही है इसलिये अब आंदोलन को तेज किया जायेगा।

**धरने पर ये हुये शामिल-**गुरुवार को मीणा समाज के संरक्षक आनंदीलाल मीणा, त्रिलोक सुरलाया समाजोत्थान समिति के संरक्षक एडवोकेट कपूरचंद सेठिया,अध्यक्ष अशोक भण्डारी,समिति के सदस्य चर्मेश शर्मा,हेमराज मीणा, रितेश जैन,कन्हैयालाल सैनी, छोटेलाल मीणा, एडवोकेट देवराज मीणा,हरिश्चंद्र वशिष्ठ,अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष हरिप्रसाद कंवरिया,एडवोकेट हेमराज मीणा,ग्रामीण छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष लोकेश मीणा, पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश मीणा,सांवरिया पुजारी मांगीलाल मीणा,बंसीलाल मीणा सत्यनारायण गुर्जर, सीताराम मीणा, सुरेश मीणा, दीपक मीणा, हीरालाल मीणा, नीरज मीणा, पवन मीणा, देवसेना जिला उपाध्यक्ष सतवीर गुर्जर ,हनुमान मीणा, सुखपाल मीना,राजेंद्र मीणा, प्रभुलाल मीणा ,देवीलाल मीणा, मोहनलाल मीणा, नितेश मीणा, भंवर लाल मीणा, किशन लाल मीणा, उदयलाल, धर्मराज ,पंकज मीणा, भगवान मीणा, प्रभुलाल मीणा, सत्यनारायण मीणा , उच्चबलाल मीणा, कस्तूरचंद मीणा, कन्हैयालाल मीणा, अनिल मीणा, पंकज मीणा, पिंटू मीणा, विशाल मीणा, अशोक मीणा, दुर्गा लाल मीणा ,चौथमल मीणा, रामस्वरूप मीणा, दिव्यांशु वशिष्ठ, अरिहंत मित्तल ,गणेश मीणा, रामपाल मीणा, सांवरिया मीणा, रामनारायण मीणा, बद्री लाल मीणा, बजरंग लाल आर्य, अशोक मीणा, राजा राम मीणा ,उप सरपंच मदनलाल गुर्जर,मनोज मीणा, सतीश मीणा, सौभागमाल मीणा ,राकेश वर्मा, डॉक्टर परमानंद मीणा आदि सम्मिलित रहे।

**23 दिन से जारी है धरना-** मनीष मीणा हत्याकांड में पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाने की मांग को लेकर 8 जनवरी से मीणा समाज की ओर से सर्व समाज के सहयोग से जिला कलेक्ट्रेट पर धरना शुरू किया गया था।पिछले 23 दिन से जारी है। विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और सामाजिक संगठनों की ओर से भी धरने को समर्थन दिया जा रहा है।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि : गांधीवादी विधायक खैरिया ने दी पुष्पाजंली



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

किशनगढ़बास। विधायक कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। विधायक खैरिया के निजी सहायक सुनील कान्त गोल्डी ने बताया कि गुरुवार को जाटका रोड़ पर स्थित विधायक कार्यालय में विधायक दीपचन्द खैरिया के नेतृत्व में सत्य, अहिंसा एवं मानवता के उपासक, त्याग एवं तपस्या की प्रतिमूर्ति राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर 2 मिंट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर विधायक दीपचन्द खैरिया ने महात्मा गांधी जी के विचार और जीवन दर्शन हमें सत्य, अहिंसा और नैतिक मूल्यों पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उनका संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना उनके समय में था। हम सभी को उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए शांति, सद्भाव और समाज कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष संदीप पाटिल, जीएसएस चेयरमैन सोमनाथ चौधरी, पूर्व सरपंच फकीरचन्द, पूर्व सरपंच बाबूलाल सैनी, सरपंच प्रकाशचन्द, उमाशंकर शर्मा, शुभराम खैरिया, यादराम यादव, लोकेश खैरिया, धोलाराम गुर्जर, भागेन्द्र खैरिया, पप्पू खैरिया, रणधीर सिंह, करण सिंह, दीनदयाल बसवाल सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खैरथल-तिजारा जिले मे 200 लोगों ने किया गिव अप

**अंतिम दिन पूर्व एक महिने बढ़ाई राजस्थान में गिव अप अभियान की तारीख**

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल-तिजाराः खाध सुरक्षा योजना से नाम हटाने को शुरू किया गीव अप अभियान मे जिले के करीबन 200 लोगो ने स्वेच्छा खाध सुरक्षा के लाभ को त्यागा जिला रसद विभाग से मिली जानकारी के अनुसार योजना की अंतिम तिथि 31 जनवरी है 30 जनवरी तक 200 परिवारो ने गिव अप आवेदन किया है दूसरी ओर राजस्थान के खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि राज्य सरकार ने गिव अप अभियान की तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया है। अभी तक 31 जनवरी अंतिम तिथि थी। पर राज्य सरकार के फैसले के अनुसार गिव अप अभियान की अंतिम डेट 28 फरवरी कर दी गई है।

**खाध सुरक्षा लेने के लिए आवेदन मे आ रही है परेशानी**

राजस्थान मे खाध सुरक्षा मे नाम जोड़ने के लिए 26 जनवरी से पोर्टल शुरू कर दिया है आवेदकों ने बातचीत मे बताया इस बार फार्म खाध विभाग की साइड पर राशनकार्ड से भरे जा रहे है और राशनकार्ड मे आधार की सिंडिग नही है इसलिए दिक्कत आ रही है ईमित्र पर राशन कार्ड मे आधार की सिंडिग कोराना काल से बंद है राशनडीलरों ने खाध सुरक्षा के लाभार्थियों की तो सिंडिग कर दी थी अब ईमित्र और राशन डीलर भी राशनकार्ड सिंडिग नही कर सकता अब केवल एक ही रास्ता लोगो के पास है रसद अधिकारी के आफिस जाकर राशनकार्ड मे आधार सिंडिग कराये इससे लोगो को परेशानी हो रही है लोगो का कहना है कि सरकार को ईमित्र पर राशनकार्ड सिंडिग भी सुविधा उपलब्ध करानी चाहिए

# स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ

## जिला कलेक्टर ने अभियान का शुभारंभ कर प्रचार-प्रसार वाहनी को किया रवाना

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल-तिजारा, 30 जनवरी 2025। जिले में कुष्ठ रोग से संबंधित जागरूकता फैलाने के लिए 30 जनवरी से 13 फरवरी 2025 तक ₹स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान₹ की शुरूआत की गई। इस अभियान का उद्देश्य ग्राम सभाओं के माध्यम से कुष्ठ रोग उन्मूलन के बारे में जनजागरूकता फैलाना है। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान की शुरूआत कर प्रचार प्रसार वाहिनी को रवाना किया। अभियान के सफल संचालन के लिए चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा अधिक से अधिक जनजागरूकता फैलाने के निर्देश दिए गए हैं।

अभियान के तहत जिले में शिक्षा विभाग के सहयोग से स्कूलों की प्रार्थना सभाओं और सरकारी आयोजनों में कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा, कुष्ठ रोग पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम और निबंध प्रतियोगिता आयोजित कर विद्यार्थियों को जागरूक किया जाएगा।

समस्त ब्लॉक के चिकित्सा अधिकारियों को आशा एएनएम की गठित टीम के माध्यम से ग्राम स्तर पर जनजागरूकता फैलाने और सर्वे करने का निर्देश दिया गया है। इस अभियान की थीम ₹आईए सब मिलकर जागरूकता बढ़ाएं, भ्रांतियां दूर करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति छूट न जाए₹ रखी गई है।

सीएमएचओ डॉ. अरविंद गेट ने बताया कि कुष्ठ एक संक्रामक रोग है, जो त्वचा और तंत्रिकाओं को प्रभावित करता है। इसके लक्षणों में शरीर पर हल्के रंग के दाग, सुन्नपन, मटर के दाने जैसी गांठें और हाथ-पैर में सुन्नता शामिल हैं। यह रोग पूर्णतः ठीक हो सकता है और इसके इलाज के लिए सभी राजकीय अस्पतालों में निःशुल्क सेवाएं उपलब्ध हैं।

प्रचार-प्रसार वाहनी को रवाना करते समय नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. पूरणमल मीणा, नर्सिंग अधिकारी मनोज कुमार, अनिल कुमार और वार्ड ब्वॉय राकेश कुमार यादव भी उपस्थित थे।

# एक्स एडिशनल एसपी एवं मीणा समाज के सीकर जिलाध्यक्ष वीरेंद्र मीणा सहित 23 लोग शेखावाटी रत्न अवार्ड से सम्मानित

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनू सीकर। जिले के लोहिया रिजॉर्ट सीकर में फर्स्ट इंडिया न्यूज द्वारा शेखावाटी रत्न सम्मान समारोह 2025 आयोजित किया गया। जिसमें शेखावाटी के अलग-अलग क्षेत्रों से 23 लोगों को सम्मानित किया गया। फर्स्ट इंडिया द्वारा यह सम्मान अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर किया गया। कार्यक्रम में पूर्व एडिशनल एसपी एवं मीणा समाज के सीकर जिलाध्यक्ष वीरेंद्र मीणा को शेखावाटी रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व सांसद सुबेदानंद सरस्वती, फर्स्ट इंडिया न्यूज के एडिशनल सीईओ जितेंद्र सिंह



शेखावत, जिला संवाददाता हुकम सिंह शेखावत, लक्ष्मणगढ़ विधायक गोविंद सिंह डोटासरा, सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजोर, धोद विधायक गोवर्धन वर्मा, खंडेला विधायक सुभाष मील साहित सैकड़ो गणमान्य व्यक्ति मौजूदगी में किया गया। वीरेंद्र मीणा द्वारा राजकीय सेवा में रहते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रोग्राम में बाढ़-सरकार हिस्सा लिया स्कूलों में सैकड़ो गरीब विद्यार्थियों को ड्रेस गर्म कपड़े पाठ्यक्रम सामग्री वितरण कर उनका मनोबल बढ़ाया था। मीणा ने राजकीय विद्यालयों में खेल को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों को खेल सामग्रियां भी वितरित की थी। कोरोना काल में भी जयपुर पोस्टिंग के दौरान मीणा ने खाद्य सामग्रियों को वितरण करने का कार्य शुरू किया और भामाशाहों से कोरोना पीड़ित व्यक्तियों की मदद भी करवाई। वर्तमान में मीणा समाज में दहेज प्रथा मृत्यु भोज बाल विवाह जैसी कुरीतियों को मिटाने के लिए किए गए कार्यों के लिए शेखावाटी रत्न अवार्ड 2025 से सम्मानित किए गए।

# सड़क हादसों की भेंट चढे दो लोग, छात्र व महिला की मौत

## कैराना के मन्ना माजरा के निकट हुआ हादसा, छात्र की मौत, साथी छात्रा घायल, छात्र की मौत से परिजनों में मचा कोहराम

### पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा, आरोपी चालक फरार



एनपीटी संवाददाता

**कैराना/शामली।** कैराना क्षेत्र के गांव मन्ना माजरा के निकट अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दिए जाने से बाइक सवार कक्षा दस का एक छात्र व एक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची कैराना पुलिस दोनों घायलों को लेकर कैराना चिकित्सालय पहुंची जहां हालत गंभीर होने पर छात्र को जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया लेकिन जिला अस्पताल में छात्र को मृत घोषित कर दिया गया जबकि छात्रा का उपचार किया जा रहा है। छात्र की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।



जानकारी के अनुसार गांव क्षेत्र के गांव कंडेला निवासी 18 वर्षीय विशांत पुत्र राजीव कैराना के एक इंटर कालेज में कक्षा 10 का छात्र था। बताया जाता है कि गुरुवार की सुबह विशांत अपनी कालेज की एक साथी छात्रा के साथ बाइक पर सवार होकर कैराना जा रहा था। जैसे ही वे कैराना क्षेत्र के गांव मन्ना माजरा के निकट पहुंचे तभी तेज रफ्तार एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे विशांत व उसकी साथी छात्रा सडक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने मामले की सूचना तुरंत कैराना पुलिस को दी जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा दोनों घायलों को कैराना स्थित चिकित्सालय लेकर पहुंची जहां चिकित्सकों ने छात्र की हालत गंभीर देखते हुए उसे शामली जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया। पुलिस छात्र को लेकर शामली चिकित्सालय पहुंची जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छात्र के परिजनों को मामले की जानकारी दी जिससे उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। वहीं छात्र की मौत से जहां परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है वहीं गांव कंडेला में भी शोक छा गया है।

## टैंपो में ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, महिला मजदूर की मौत, आधा दर्जन घायल



थानाभवन। गुरुवार को कस्बा थानाभवन में ट्रैक्टर ट्राली द्वारा टैंपों में जोरदार टक्कर मार दिए जाने से टैंपों सवार मजदूर महिलाएं घायल हो गयी। पुलिस ने घायल महिलाओं को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने एक महिला को मृत घोषित कर दिया जबकि अन्य का उपचार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव भनेडा उद्दा से गुरुवार की सुबह कुछ महिला मजदूर एक टैंपों में सवार होकर मजदूरी के लिए थानाभवन आ रही थी। जब टैंपों थानाभवन रेलवे अंडरपास के निकट पहुंचा तभी सामने से आ रही एक ट्रैक्टर ट्राली से उसकी जोरदार भिडंत हो गयी जिससे टैंपों में सवार सभी महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना के बाद आरोपी चालक ट्रैक्टर ट्राली को मौके पर ही छोडकर फरार हो गया। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायल महिलाओं को चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने 55 वर्षीय ईश्वरी पत्नी मदन को मृत घोषित कर दिया जबकि सायरा पत्नी अमजद, पूजा पत्नी सचिन, गीता पत्नी राजकुमार, राधा पत्नी कृष्णपाल, प्रियांशी पुत्री अनिल सहित अन्य महिलाओं का उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि महिला के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया है।

# बुंटा गांव में वारदात : विद्युत चेकिंग के लिए गई टीम पर आधा दर्जन लोगों ने किया हमला

## जेई की तहरीर पर तीन नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा, तलाश में जुटी पुलिस

एनपीटी संवाददाता

**शामली।** गढीपुख्ता क्षेत्र के गांव बुंटा में बिजली चेकिंग को पहुंची विद्युत टीम के साथ आधा दर्जन लोगों ने गाली गलौच व मारपीट की। टीम की सूचना पर गढीपुख्ता पुलिस मौके पर पहुंची जिसके बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। घटना के संबंध में बिजलीघर के जेई ने तीन लोगों को नामजद व दो अन्य के खिलाफ गढीपुख्ता थाने पर रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार गढीपुख्ता क्षेत्र के गढी अब्दुल्ला स्थित विद्युत उपकेन्द्र के अवर अभियंता विकेश कुमार गौड, अधिशासी अभियंता सौरव पाठक, उपखंड अधिकारी अनिल कुमार, टीजी रंजीत, लाइनमैन ललित, संदीप, मोहर सिंह व अन्य के साथ गांव बुंटा में विद्युत बकायेदारों के कनेक्शन काटने व बकाया बिल वसूली के लिए गए थे। वापस लौटते समय जब टीम बुंटा स्थित एक गैस एजेंसी के पास पहुंची तभी करीब आधा दर्जन लोगों ने टीम के साथ गाली गलौच करते हुए हमला बोल दिया तथा कर्मचारियों के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, टीम ने मामले की सूचना डायल 112 पर दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जेई विकेश कुमार गौड ने गढीपुख्ता थाने पर गांव बुंटा निवासी मारूफ पुत्र जमील, अकमल पुत्र जमील, माज उर्फ मान्हा पुत्र जमील को नामजद व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### छात्र-छात्राओं को परीक्षा में न्यूनतम अवकाश की मांग

शामली। छात्र नेता मनीष कालखंडे ने बीए, एलएलबी, बीकॉम, एलएलबी के परीक्षार्थियों को परीक्षा में न्यूनतम अवकाश देने की मांग को लेकर मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय के कुलपति को प्रार्थना पत्र सौंपा। मनीष कालखंडे ने कुलपति को बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा तिथियों के बीच में एक भी अवकाश नहीं है जिस कारण छात्र-छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पडेगा। उन्होंने अवकाश देने की मांग की।

## संक्षेप समाचार :

### कोर्ट ने तीन दोषियों को सुनाई सजा, लगाया अर्थदंड

कैराना। चोरी व चलचित्र अधिनियम समेत अलग–अलग मामलों में कोर्ट ने तीन दोषियों को सजा सुनाई है। दोषियों पर अर्थदंड भी लगाया गया। वर्ष 2019 में गढ़ीपुख्ता थाने पर गांव ताना निवासी दीपक के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। मामले में गुरुवार को कोर्ट ने दोषी को न्यायालय उठने तक अवधि की सजा और तीन हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। दूसरा मामला 2001 का है, जिसमें शामली कोतवाली पर सतीश निवासी गांव धौलरा थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोपी के कब्जे से चोरी का माल भी बरामद किया गया था। कोर्ट ने दोषी को जेल में बिताई गई अवधि के कारावास तथा पांच हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। इनके अलावा वर्ष 2001 में कैराना कोतवाली पर विपिन निवासी मोहल्ला चौक बाजार कैराना के विरुद्ध कॉपीराइट अधिनियम एवं चलचित्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया गया था। यह मामला भी कोर्ट में विचाराधीन चल रहा था। मामले में दोषी को न्यायालय उठने तक की सजा तथा दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

### मारपीट के मामले में कार्रवाई की मांग

कैराना। मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम व सीओ को पत्र दिया गया। कांधला थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी ब्रजपाल ने एसडीएम व सीओ को पत्र दिया। बताया कि कुछ दिन पूर्व गांव के ही तीन लोगों ने उसके भाई व भाभी के साथ लाठी–डंडों से मारपीट की थी, जिस कारण दोनों घायल हो गए थे। मामले में कांधला थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि पुलिस ने मामले में कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की, जिस कारण उसका भाई व भाभी मकान पर पलायन के पोस्टर लगाकर चले गए थे। अब आरोपी उसे भी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, जिस कारण उसे जान व माल का खतरा बना हुआ है।

### रोजगार मेले का आयोजन, 56 अभ्यर्थी चयनित

कैराना। ब्लॉक में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 56 अभ्यर्थी चयनित किए गए। गुरुवार को जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैराना के संयुक्त तत्वावधान में ब्लॉक में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि तीन कंपनियों के प्रतिनिधि मेले में पहुंचे तथा 73 अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार दिया गया। इसके बाद 56 अभ्यर्थी चयनित किए गए। वहीं, मेले में फोरमैन मुकेश कुमार द्वारा अभ्यर्थियों की करियर काउंसिलिंग भी की गई तथा उन्हें रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर अनुदेशक अमजीत, ओमवीर सिंह, फोरमैन बिजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### अखलाक फार्म हाउस पर बापू को दी श्रद्धांजलि



शामली। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष अखलाक प्रधान जी के नेतृत्व में पानीपत खटीमा मार्ग शामली पर स्थित अखलाक फार्म हाउस पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के उपलक्ष में पुष्पांजलि अर्पित कर मौन धारण किया वह उसके पश्चात राष्ट्रपति महात्मा गांधी जी की जीवन शैली पर प्रकाश डाला इस अवसर पर अखलाक प्रधान निवर्तमान जिला अध्यक्ष शामली शमशीर खान जिला महामंत्री शामली सन्नी गुप्ता जिला उपाध्यक्ष राम लाल शास्त्री जिला उपाध्यक्ष संदीप शर्मा जिला महासचिव कोषाध्यक्ष इब्राहिम सिद्दीकी मुंसाद प्रधान ब्लॉक अध्यक्ष कैरानाआलिम चौधरी जिला सदस्य साबिर चौधरी नगर उपाध्यक्ष शोएब खान नगर महासचिव कैरानामेहरबान प्रधान पंजीठ श्याम लाल सेनीराजबीर सिंहदलीप वाल्मीकिप्रदीप शर्मा राकेश गुप्ता सहित दर्जनों कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता संग्राम में प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि




### कलेक्ट्रेट में शहीद दिवस पर डीएम व अन्य अधिकारियों ने रखा मौन

एनपीटी संवाददाता

**शामली।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट में स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर डीएम व अन्य अधिकारियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। गुरुवार को शहीद दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने कहा कि देश की आजादी के लिए देश के महान क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों का बलिदान कर दिया, ऐसे क्रांतिकारियों की वजह से आज देश के लोग आजादी की सांस ले रहे हैं। सभी अधिकारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर एडीएम संतोष कुमार सिंह, एसडीएम शामली विनय प्रताप सिंह भदौरिया सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारियों, कर्मचारियों ने भाग लिया। इसके अलावा ब्लाक कार्यालयों में भी शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

# काशीराम आवासों को चिन्हित करने से परिवारों में हडकंप

## महिलाओं व पुरुषों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम से लगाई गुहार, कहा : मकानों से निकाला गया तो सडकों पर आ जाएंगे

एनपीटी संवाददाता

**शामली।** थानाभवन स्थित कांशीराम आवासों को नगर पंचायत थानाभवन द्वारा चिन्हित किए जाने से वहां रहने वाले लोगों में हडकंप मचा हुआ है। गुरुवार को दर्जनों महिलाओं व पुरुषों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मकानों को चिन्हित करने के मामले में डीएम से आवास में रहने की अनुमति प्रदान करने की गुहार लगायी है। उनका कहना है कि उनके पास कोई अन्य आवासीय भवन भी नही है।



जानकारी के अनुसार गुरुवार को दर्जनों महिलाओं व पुरुषों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वे थानाभवन स्थित कांशीराम आवास में काफी समय से निवास कर रहे हैं लेकिन अब नगर पंचायत थानाभवन द्वारा उनके आवासों को चिन्हित कर दिया गया है जबकि उनके पास रहने का कोई अन्य आवासीय भवन भी नहीं है, यदि उन्हें मकानों से निकाला गया तो वे सडकों पर आ जाएंगे। उनकी आजीविका व परिवार की सुरक्षा के लिए यही आवास एकमात्र आश्रय है। इन मकानों में रहने वाले लोग मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं, यदि उन्हें मकानों से हटाया जाता है तो उनके सामने गंभीर संकट खडा हो जाएगा। उन्होंने डीएम से काशीराम आवास में ही रहने की अनुमति प्रदान किए जाने की गुहार लगायी। इस मौके पर बुशरा, जीशान, फरीन, शबनम, आसमां, सलमा, बुशरीन, सतबीर, प्रमिला, आमिर, अनीस, फरहत, ओमकली, आकाश काला, गुलफशा, अमीना, सबाना, शहजादी, रुकसाना, राशिद आदि भी मौजूद रहे। वहीं एसडीएम सदर विनय प्रताप सिंह भदौरिया ने बताया कि इन लोगों को मकान खाली करने के लिए नहीं कहा गया है, इन लोगों को स्थायी रूप से रहने के लिए आवास इन्हीं लोगों के नाम कराए जाएंगे ताकि फिर कभी कोई परेशानी न हो।

# रजिस्टर में अंकित नहीं मिले आदेश, डीएम हुए नाराज

## डीएम ने कैराना तहसील का किया निरीक्षण, अभिलेखों को व्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश

एनपीटी संवाददाता

**कैराना।** गुरुवार को जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान कैराना तहसील के वार्षिक निरीक्षण पर पहुंचे। जहां एसडीएम स्वप्निल कुमार यादव ने उन्हें बुकें भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद गार्ड ऑफ ऑनर देकर सलामी दी गई। निरीक्षण के दौरान डीएम तहसीलदार कोर्ट में पहुंचे। जहां उन्होंने वादों के निस्तारण की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने एक वाद के बारे में बारीकी से जानकारी ली। इसके बाद डीएम रजिस्ट्रार कानूनगो/भू–अभिलेखागार में पहुंचे और रजिस्टरों की जांच की। रजिस्टर में एक आदेश अंकित नहीं मिला, जिस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई और तमाम आदेशों को समय रहते रजिस्टरों में अंकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं, डीएम ने



एसडीएम कोर्ट, आशु लिपिक कार्यालय आदि का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा आईजीआरएस पर प्राप्त होने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की स्थिति, शत्रु संपत्ति आदि के बारे में भी जानकारी की। डीएम ने पूछा कि कितने अधिकारियों–कर्मचारियों के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई चल रही है। ऐसा नहीं मिला। इस पर डीएम ने कहा कि किसी के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई नहीं चल रही है, यह सोचनीय विषय है। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक शिकायतें कैराना तहसील से संबंधित ही आती है। डीएम द्वारा तहसील परिसर में साफ–सफाई परखी गई। उन्होंने खाली पड़े पुराने तहसील भवन के बारे में भी जानकारी की। इस दौरान बताया गया कि एसडीएम के लिए स्थायी रूप से आवास नहीं है। डीएम ने कहा कि तहसील के पास अपनी भूमि है, जहां आवास के लिए प्रक्रिया प्रारंभ करें। इस दौरान एडीएम संतोष कुमार सिंह, एसडीएम स्वप्निल कुमार यादव व तहसीलदार अर्जुन सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

### डीएम ने किया निमार्णाधीन कलेक्ट्रेट का निरीक्षण, खामियां दूर करने के निर्देश

शामली। डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने गुरुवार को निमार्णाधीन कलेक्ट्रेट का निरीक्षण किया तथा खामियों को तुरंत दुरूस्त करने के दिशा निर्देश दिए। गुरुवार को डीएम द्वारा निमार्णाधीन कलेक्ट्रेट के निरीक्षण के दौरान एंट्री पाइंट, मीटिंग हॉल, डीएम कार्यालय ब्लाक, नजारत ब्लाक, कोर्ट ब्लाक, कंबाइंड ब्लाक का निरीक्षण करते हुए कार्यदायी संस्था को कडी हिदायत दी कि निरीक्षण के दौरान जो खामियां मिली हैं उन्हें जल्द से जल्द दुरूस्त कराएं। निरीक्षण के दौरान डीएम ने बिल्डिंग के चारों ओर साफ सफाई के भी निर्देश दिए, वहीं लापरवाही पर कडी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। इस मौके पर एडीएम संतोष कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन, परियोजना प्रबंधक संतोष कुमार पांडे भी मौजूद रहे।

### खानपुर गांव में किसान जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

शामली। किसानों को जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नवभारत फर्टिलाइजर्स कंपनी द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को कंपनी के अधिकारियों ने गांव खानपुर में किसानों को जागरूक किया। जानकारी के अनुसार गन्ने की खेती में जैविक विधियों के उपयोग से किसानों को अधिक उत्पादन एवं लाभ के संबंध में नवभारत फर्टिलाइजर्स कंपनी द्वारा किसानों को जागरूक किया जा रहा है। इसी संदर्भ में गुरुवार को कंपनी द्वारा गांव खानपुर गांव में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कृषि विशेषज्ञ डा. अभिनेंद्र विक्रम सिंह ने किसानों को जैविक खेती अपनाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि रासायनिक उर्वरकों से मिट्टी की उर्वरता घटती है, जबकि जैविक खाद से पैदावार और भूमि की सेहत बनी रहती है। नवभारत फर्टिलाइजर के जैविक खाद का 29 वर्षों से उपयोग करने वाले किसान अधिक मुनाफा कमा रहे हैं। डा. अभिनेंद्र विक्रम सिंह ने किसानों को उन्नत जैविक तकनीक और उत्तम बीज अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे अधिक उत्पादन और बेहतर कीमत प्राप्त होगी। इस मौके पर लोकेश कुमार, दयाराम, ओमपाल, धीरेन्द्र, प्रमोद कुमार आदि किसान मौजूद रहे।

# कुष्ठ दिवस पर सीडीओ ने कुष्ठ आश्रम में किया फलों का वितरण

## आश्रम में रहने वाले परिवारों की समस्याएं सुनकर दिया निस्तारण का आश्वासन, डीएम का संदेश पढकर दिलाई कुष्ठ परिवारों को शपथ

एनपीटी संवाददाता

**शामली।** गुरुवार को कुष्ठ दिवस के अवसर पर सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने कुष्ठ आश्रम में फलों का वितरण किया, साथ ही कुष्ठ आश्रम मे रहने वाले परिवारों की समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करने का आश्वासन दिया, सीएमओ ने कुष्ठ स्पर्श जागरूकता अभियान की जानकारी दी। जानकारी के अनुसार गुरुवार को कुष्ठ दिवस के अवसर पर मुक्तिधाम कुष्ठ आश्रम में सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने फलों का वितरण किया, साथ ही कुष्ठ आश्रम में रहने वाले परिवारों को डीएम का संदेश पढकर सुनाया तथा शपथ दिलाई। सीडीओ ने आश्रम में रह रहे रोगियों की समस्याएं सुनी तथा उनका जल्द से जल्द समाधान करने का भी आश्वासन दिया। सीएमओ डा. अनिल कुमार ने कुष्ठ विषय पर चर्चा की। जिला कुष्ठ अधिकारी डा. अथर जमील ने स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान 13 फरवरी तक जारी रहेगा। इसके अलावा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जनपद के सभी थानों, पुलिस चौकियों, मेडिकल कालेज, ग्राम सभाओं, उप स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर डीएम का संदेश, ग्राम सभा का प्रमुख का भाषण एवं कुष्ठ का संदेश पढकर शपथ दिलायी गयी। सीएमओ डा. अनिल कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान पखवाड़ा पूरे जनपद में विद्यालयों, मलिन बस्तियों, स्लम एरिया में मनाया जाएगा। इस मौके पर परियोजना निदेशक प्रेमचंद भी मौजूद रहे।



### उपचार से ठीक हो जाता है कुष्ठ रोगः रीता चौहान




शामली। कैराना के गांव बदलूगढ स्थित प्राथमिक विद्यालय में कुष्ठ रोग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल की सहायक अध्यापिका रीता चौहान ने छात्र–छात्राओं को कुष्ठ रोग के विषय में बताया कि इस रोग में शरीर पर चकते बन जाते हैं, नसें बढ जाती हैं। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग लाइलाज नहीं है, इसका उपचार कराने से यह पूरी तरह से ठीक हो जाता है। इस रोग को आसानी से पहचाना जा सकता है, इसमें हाथ पैरों की उंगलियों में टेढापन, त्वचा में ठंडे गर्म का अहसास न होना, भौहों का झडना आदि लक्षण दिखाई देते हैं। इस मौके पर छात्र–छात्राएं व स्कूल स्टाफ ने कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करने व उन्हें सम्मान से गले लगाने की शपथ भी दिलाई।

# शहादत दिवस के रूप में मनायी महात्मा गांधी की पुण्यतिथि

### कांग्रेसियों ने बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि, लाल बहादुर शास्त्री को किया नमन



एनपीटी संवाददाता

**शामली।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर गुरुवार को कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा बापू को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि दोनों महापुरुषों ने देश की आजादी के लिए अनेक आंदोलन किए। गुरुवार को कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहादत दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर गांधीगंज मंडी स्थित गांधी पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी वहीं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया। कांग्रेस नेता ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि दोनों महान सपूतों ने स्वतंत्रता संग्राम को लेकर अनेक आंदोलन किए। महात्मा गांधी के अंग्रेजों भारत छोडो नामक आंदोलन ने अंग्रेजों के पैर भारत की धरती से उखाडने का काम किया। वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने आजाद भारत के प्रधानमंत्री के रूप में समग्र विकास के लिए काम किया। जब देश में अनाज का संकट आया तो लाल बहादुर शास्त्री ने सप्ताह में एक दिन उपवास रखकर देशवासियों को भी उपवास रखने के लिए प्रेरित किया तथा अनाज संकट की स्थिति को संभाला। इस अवसर पर वैभव गर्ग, दीपक सैनी, लोकेश कटारिया, सोमदेव चौधरी, प्रवीण तरार, वैभव गर्ग, योगेश भारद्वाज, ओमबीर उपाध्याय, शेखरपाल, सुरेन्द्र सरोहा, अरविन्द झंझोट, महफूज खान, मोहन बाल्मीकि आदि भी मौजूद रहे।

## पाकुड़ जिला के 31वें स्थापना दिवस में सपने अधूरे, हेमन्त सरकार 2.0 व डीसी

# मनीष कुमार पर टिकी हैं निगाहें, विकसित जिला का दर्जा दिलाने में हो सकते हैं सहायक?

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), जिला पाकुड़ राजमहल संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है और यह जिला खनिज सम्पदा से भरे पड़े हैं। पाकुड़ को काले पत्थर की नगरी का शहर भी कहा जाता है। बताया जाता है कि पाकुड़ के उदार में उम्दा पंक्ति के पत्थर पाये जाते हैं जो सिर्फ और सिर्फ देश भर ही नहीं बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी विशेष पहचान बना चुकी है जो गर्व की विषय है। स्वतंत्रता के बाद वर्ष 1981 में संथाल परगना चार जिलों में विभाजित हो गया, अर्थात दुमका, देवघर, गोड्डा और साहिबगंज बना। पाकुड़ को साहिबगंज के साथ उप-विभाग के रूप में जोड़ा गया और वर्ष 1994 में इसे जिले के रूप में उन्नत किया गया। यहां धान की कुटाई, पर्चा बनाना, बांस की टोकरियां बनाना व्यापारिक गतिविधियों के स्रोत रहा है। प्रमुख उद्योगों और रोजगार के अवसरों की अनुपस्थिति में आर्थिक विकल्प कृषि तक ही सीमित है। पत्थर के चिप्स, चावल की पिसाई, महुआ, सबई घास, तस्सर, बांस की सेटिंग जैसे वन उत्पाद उनकी व्यावसायिक गतिविधियों के स्रोत हैं। यहां धरनी पहाड़ फेमस है। यूं तो लगभग प्रायः समुदाय के निवासी हैं, लेकिन मूलतः संथाल और पहाड़िया पाकुड़ जिले के मुख्य निवासी है। संथाल जिले की अधिकांश आबादी को कवर करते हैं, हालांकि जिले में उनका वितरण एक समान नहीं है। उनका मुख्य जमावड़ा दामिन-ए-कोह में है जहां उनकी लगभग दो तिहाई आबादी रहती है। पहाड़िया इस क्षेत्र के सबसे पुराने निवासी हैं। झारखण्ड के पाकुड़ ज़िले में करीब 1,250 गांव है, साथ ही पाकुड़ ज़िले में छह ब्लॉक/अंचल है। इन ब्लॉक के नाम हैं - पाकुड़, अमरापाड़ा, लिट्टीपाड़ा, हिरणपुर, महेशपुर, और पाकुड़िया। पाकुड़ ज़िले में एक नगर पालिका है, जिसका नाम पाकुड़ नगर परिषद है। साथ ही पाकुड़ ज़िले में 128 ग्राम पंचायतें के अलावे छह पंचायत समितियां हैं। पाकुड़ ज़िले में पहले साहिबगंज उप-विभाग का हिस्सा था। मगर बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की सरकार के द्वारा पाकुड़ ज़िले को 28 जनवरी 1994 में ज़िले के रूप में उन्नत किया गया था। अवलोकन पाकुड़ जिला पंचायत झारखण्ड राज्य का एक ग्रामीण स्थानीय निकाय है। पाकुड़ जिला पंचायत क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत करीब 6 पंचायत समितियां, 128 ग्राम पंचायतें और 1251 गांव है। आपको बता दे दुमका सदर, देवघर, जामताड़ा, गोड्डा, पाकुड़ और राजमहल। स्वतंत्रता के बाद वर्ष 1981 में संथाल




परगना चार जिलों में विभाजित हो गया, अर्थात दुमका, देवघर, गोड्डा और साहिबगंज बना और पाकुड़ को साहिबगंज के साथ उप-विभाग के रूप में रखा गया। मगर उस वक्त के चर्चित नेता रिलाक्स होटल के मालिक एकबाल हुसैन की प्रायस रंग लाया और 28 जनवरी 1994 में तत्कालीन लालू प्रसाद यादव की सरकार ने जिला का स्वरूप दिया, जिसे स्थापना दिवस के रुप में मानाया जाना जगजाहिर है। पाकुड़ 28 जनवरी 1994 में जिला के रूप में स्थापित हुआ जोकि कोयला, पत्थर और बीड़ी बनाने के उद्योग के लिए प्रसिद्ध पाकुड़, नव निर्मित झारखण्ड राज्य के महत्वपूर्ण राजस्व अर्जित करने वाले जिलों में से एक है। आपको बता दे पाकुड़ जिला के रूप में घोषित होने के पश्चात स्थानीय नागरिकों में कौतूहल पैदा हुआ कि पाकुड़ की तस्वीर व तकदीर बदल जायेगी। कुछ समय के लिए ऐसा लगा भी। लेकिन समय गुजरने के साथ निराशा की पेशकश हो रही है। आज के आधुनिक/वैश्विक दौर में भी पाकुड़ के आमलोगों को रोजगार की तलाश में परिवार को छोड़कर ट्रेन मार्ग से अन्यत्र शहर/ राज्य में कहीं जाकर रोजगार के अवसर तलाशने पड़ रहे हैं। जबकि पाकुड़ के उदार से बेशकिमती कोयला, पत्थर निकालकर अन्यत्र ले जाया जा रहा है, जिससे सरकार को राजस्व वसूली तो होता है, मगर बदले में स्थानीय को तिनके के ढेर में चौवान्नी बराबर भी रोजगार अन्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। यूं तो पाकुड़.की जान कहे जाने वाली पत्थर व्यवसाय भी पहले जैसा नहीं रहा। पाकुड़ के मालपहाडी में जहां लाखों लोग दिन - रात खदान - क्रेशर में कार्य करते हुए अपने परिवार के पेट भरते थे, वो नजारा लगभग घटकर करीब 5 प्रतिशत रह गया है। गौर करे तो बीड़ी उद्योग में भी पहले के मुकाबले काफी गिरावट आई है। यानी पाकुड़वासी रोजगार के तलाश में अन्यत्र जाने को विवश है। यहां कि बेशकीमती खनिज सम्पदा बाहर ले जाया जा रहा है, मगर स्थानीय नागरिकों के लिए रोजगार की अवसर स्थापित करने की दिशा में अबतक के केन्द्रीय/ राज्य सरकारें अनदेखी की। नतीजतन सर्वांगीण विकास की दिशा में पहल करते हुए जिला में न कोई औद्योगिक इकाइयां स्थापित की गई है और न ही बेहतरीन स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु सुपर स्पेशलिटी अस्पताल या मेडिकल कॉलेज स्थापित की गई और ना ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जैसे साइंस/ इंजीनियरिंग, मेडिकल अन्य उच्च शिक्षा के लिए कोई अध्ययन केन्द्र स्थापित किया गया है। यानी पाकुड़ जिला के रूप में स्थापित होने के दौरान जो सपना पाकुड़ वासियों ने संजोया था, वो सपना अधूरा ही रह गया। गौरतलब हो कि एक नई किरण बहुमत की वर्तमान हेमन्त सरकार 2.0 पर जगह है। मगर इस प्रयोजनार्थ को किस हद तक वास्तविक स्वरूप चरितार्थ करने में कामयाब होंगे, उस पर पाकुड़ की निगाहें टिकी हुई रहेंगी। बाहरेहाल जो भी हो वर्तमान उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार की एक्टिविटी से पाकुड़ वासियों में एक उम्मीद की झलक पेश होता हुआ नजर आ रहा है कि शायद पाकुड़ को संवारने में उनकी योगदान आगे चलकर उत्कृष्ट पंक्ति को कलमबद्ध कर सकते हैं। आम-जनों में एक सकारात्मक पंक्ति समायोजित हुआ है कि शायद उपायुक्त मनीष कुमार की एक्टिविटी/ कार्यशैली पाकुड़ को विकसित ज़िले की पंक्ति में ले जाने की अवयवों को बास्तविक स्वरूप चरितार्थ करने में अहम भूमिका अदा सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने प्रोजेक्ट परखः तैयारी उड़ान की व प्रोजेक्ट प्रयासः हुनर से हुनर तक का सफर अवयवों को बास्तविक स्वरूप चरितार्थ करने में नींव रखी है जो काबिले तारीफ है। आधुनिक वैश्विक दौर में क्षेत्र की सर्वांगिण विकास में औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने समेत बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था हेतु सुपर स्पेशलिटी अस्पताल या मेडिकल कॉलेज व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जैसे इंजीनियरिंग, मेडिकल इत्यादि की पढ़ाई हेतु उच्च अध्ययन केन्द्र/ अवयवों को भी पाकुड़ में स्थापित करना बेहद जरूरी है। जो जिले को पिछड़ता पाकुड़ से पछाड़ता पाकुड़ की नारे को बुलंद करने में मददगार साबित होंगे। साथ ही विकसित जिला की पंक्ति को कलमबद्ध निश्चित रूप से करेंगे। याद रहे, आईएएस एंड आईपीएस (अधिकारी) किसी भी देश का रीढ़/ मेरुदंड होता है, चाहे तो (सावार्गीण विकास की दिशा में) क्षेत्र/ जिला का तस्वीर बदल सकते हैं।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर जिला प्रशासन ने माल्यार्पण कर उन्हें किया नमन



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक एवं उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता ने गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि की याद में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, जिला भू अर्जन पदाधिकारी अजय सिंह बड़ाईक, भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह एवं जिला पंचायत राज पदाधिकारी श्रीमती प्रीतिलता मुर्मू सहित अन्य पदाधिकारियों और कर्मियों द्वारा समाहरणालय में दो मिनट का मौन रखकर उनके बलिदानों को याद किया।

मौके पर उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि शहीदों के प्रति श्रद्धा सम्मान की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से हर वर्ष 30 जनवरी को शहीद दिवस आयोजित किए जाते हैं। इसके अलावे मुख्यालय के सभी सरकारी कार्यालय एवं विभिन्न प्रखण्डों के सरकारी कार्यालयों में भी शहीद दिवस का आयोजन किया गया।

# झामुमो ने शुरू किया सदस्यता अभियान 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), झामुमो प्रखण्ड कार्यालय महेशपुर में गुरुवार को झामुमो सदस्यता अभियान शुरू किया है और अगले 45 दिनों में राज्य भर में 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिलाध्यक्ष श्याम यादव ने कहा कि जिला में एक लाख झामुमो सदस्यता अभियान के तहत एक लाख लोगों को सदस्यता दिलाने का लक्ष्य है। जिसके शुरूआत कर दी गई है, जोकि सदस्यता अभियान 28 फरवरी तक चलेगा। श्याम यादव ने बताया कि जेएमएम का



सदस्यता अभियान विपक्षी भाजपा से अलग है। क्योंकि हम सभी जमीनी स्तर पर काम करते है । वही झामुमो प्रखण्ड कार्यालय महेशपुर में कार्यकताओं एवं पदाधिकारी को नये - पुराने लोगो को सदस्य रशीद देकर पार्टी में जोड़ने का काम किया जा रहा है । इस अनारुद्दीन मियां, समसून मुर्मू , एनामुल हक,जेम्स सुशील हेंब्रम ,बाबूधन मुर्मू ,अखलकुर अंसारी , निरोज मड़ैया ,पप्पू अंसारी,सुनील सहा समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# डीसी की अध्यक्षता में दी गई प्री-मैट्रिक व पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की स्वीकृति

**एनपीटी ब्यूरो**



पाकुड़ (झा०खं०), समाहरणालय स्थित उपायुक्त के कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र - छात्राओं को प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति (शैक्षणिक सत्र 2024-25) एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की स्वीकृति एवं अनुश्रवण हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक आहूत किया गया। बैठक में जिला स्तरीय अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति के द्वारा समीक्षा के उपरांत प्री मैट्रिक छात्रवृति में कुल 30 हजार 522 एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति 2 हजार 216 छात्र-छात्राओं की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावे उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अन्तर्गत आवेदन के लाभुकों का जाति प्रमाण पत्र की मांग की गई है। इसके पश्चात ही मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ मिल सकेगा। बैठक में परियोजना निदेशक, आईटीडीए श्री अरुण कुमार एक्का, जिला कल्याण पदाधिकारी लक्ष्मण हरिजन, एलडीएम एवं सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ मनीष कुमार समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# विधायक ने मृतक के परिजनों से की मुलाकात, दी सांत्वना

**एनपीटी ब्यूरो**

महेशपुर विधानसभा क्षेत्र से हैट्रिक लगाये विधायक प्रो.स्टीफन मरांडी ने सड़क दुर्घटना में मृत नारायणगढ़ गांव निवासी साइमन टुडू के परिवारों से मिलकर शोक प्रकट करते हुए सांत्वना दी। साथ ही हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया। मालूम हो कि मंगलवार की सुबह पागलानदी के पास अज्ञात



वाहन की चपेट में आ जाने से मौके पर ही मौत साइमन टुडू की हुई थी।

वही विधायक प्रो.मरांडी ने कहा कि क्षेत्र का प्रत्येक व्यक्ति मेरे परिवार के समान है।

इनके दुःख में शामिल होना मेरा कर्तव्य है। इस अवसर पर कई लोग मौजूद थे

# पुलिस पदाधिकारी/ कर्मियों ने महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर रखा 2 मिनट का मौन



एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी 2025 को समम करीब 11ः 00 बजे पूर्वाह्न में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पाकुड़, पुलिस केन्द्र पाकुड़ एवं पाकुड़ जिले के सभी थाना/ ओपी में पुलिस पदाधिकारियों/ पुलिस कर्मियों के द्वारा 02 मिनिट का मौन धारण किया गया। साथ ही पुष्पांजलि अर्पित कर कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# श्याम यादव के नेतृत्व में मनाया गया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), सम्पूर्ण विश्व को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाने वाला आन्दोलन कारी एवं राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर जिले के गांधी चौक में लगे गांधी का प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। पर मौके मुकेश सिंह, नूर आलम, रियाज अंसारी, कमल राउत, राजेश यादव, आदित्य तिवारी, अब्दुल हलीम, बजल अहमद, रियाज समीम, पिंटू, बीरू घोष, सहित आदि सक्रीय कार्यकताओं उपस्थित रहे।

# सपने हो रहे साकार- विधायक एमटी राजा

**एनपीटी ब्यूरो**


साहेबगंज, झामुमो कोटे से राजमहल क्षेत्र के विधायक विधायक एमटी राजा कहा है कि राजमहल में 3 फरवरी 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय लोकप्रिय फुटबॉलर भाइचुंग भूटिया के द्वारा भव्य और दिव्य स्टेडियम का शुभारम्भ होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं और खेल प्रेमियों के लिए खुशियों का दिन है, राजमहल का स्टेडियम राजमहल और आसपास के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। इसके अतिरिक्त मेरे द्वारा यहां खिलाड़ियों के लिए सभी प्रकार की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने ने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**फैसला** | सहायक आचार्य (शिक्षक) नियुक्ति मामले में जेटेट पास

# अभ्यर्थियों के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला

**एनपीटी ब्यूरो**

रांची, सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के सहायक आचार्य (शिक्षक) नियुक्ति को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। झारखण्ड हाईकोर्ट के उस आदेश को निरस्त कर दिया है, जिसमें सीटेट पास और पड़ोसी राज्य के टेट पास झारखण्ड के अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट के इस आदेश को जेटेट पास अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सितंबर माह में सुनवाई पूरी होने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। आज इस पर बड़ा फैसला आया है। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस राजेश बिंदल की खंडपीठ ने यह फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल अप्रैल में झारखण्ड सरकार और जेएससीसी को सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के बिना परिणाम प्रकाशित करने पर रोक लगा दिया था। जेएसएससी ने सहायक



आचार्य के 26001 पदों पर नियुक्ति के लिए परीक्षा ली थी। हाईकोर्ट के आदेश पर इस परीक्षा में सीटेट पास अभ्यर्थी भी शामिल हुए थे। इस सम्बन्ध में परिमल कुमार और अन्य की ओर से हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। इस याचिका में कहा गया था कि सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली 2022 एवं सहायक आचार्य परीक्षा के विज्ञापन को हाईकोर्ट में चुनौती नहीं दी गई थी। उक्त परीक्षा के लिए आवेदन करने की तिथि समाप्त हो चुकी थी। उसके बाद झारखण्ड हाईकोर्ट के आदेश का पालन करते हुए नियमावली एवं उक्त परीक्षा के विज्ञापन में संशोधन कर दिया गया। नियमों के अनुसार एक बार विज्ञापन जारी हो जाने के बाद विज्ञापन में बदलाव नहीं किया जा सकता। राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि सहायक आचार्य की परीक्षा नियमानुसार ली गई है। अब परिणाम प्रकाशित होना बाकी है। प्रार्थी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायण, अमृतांश वत्स और साहिल बलेख ने सुप्रीम कोर्ट में बताया गया था कि आरटीई की धारा 23 (2) और नियम दस के अनुसार राज्य की शिक्षक नियुक्ति में वहां के टेट पास अभ्यर्थियों को शामिल किया जाना है। ताकि शिक्षक वहां की भाषा, संस्कृति और रीति रिवाज के अनुसार बच्चों को पढ़ाएंगे। झारखण्ड की क्षेत्रीय भाषा संताली, खोरठा आदि का ज्ञान जेटेट अभ्यर्थियों के पास है। क्योंकि उन्होंने इसकी परीक्षा दी है। लेकिन सीटेट अभ्यर्थियों के पास क्षेत्रीय भाषा के रूप में हिंदी या अंग्रेजी विषय का ही ज्ञान है। जब सीटेट शिक्षकों की नियुक्ति झारखण्ड के प्राथमिक स्कूलों में होगी, तो उन्हें झारखण्ड के स्थानीय भाषा में बच्चों को शिक्षा देने में परेशानी होगी।





# अरविंद केजरीवाल ने किया 7 गारंटी का ऐलान! मोबाइल मोहल्ला क्लिनिक से सर्वेंट रजिस्ट्रेशन पोर्टल तक...

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

नई दिल्ली। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं आप की ओर से सात गारंटियों की घोषणा कर रहा हूं। पहला सर्वेंट रजिस्ट्रेशन पोर्टल है। यदि कोई स्टाफ सदस्य चला जाता है या किसी नए की जरूरत होती है, तो यह पोर्टल लोगों को उनकी उपलब्धता दर्ज करने की अनुमति देगा।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले सात गारंटियों की घोषणा की और कहा कि पहला सर्वेंट रजिस्ट्रेशन पोर्टल है। केजरीवाल ने दिल्ली में आप के सत्ता में लौटने पर अधिकारियों के आवासों पर कार्यरत सहायकों के लिए घर उपलब्ध कराने और कार्य नियम लागू करने का भी वादा किया। विवरण देते हुए उन्होंने कहा कि यदि कोई स्टाफ सदस्य चला जाता है या किसी नए की जरूरत होती है, तो यह पोर्टल लोगों को उनकी उपलब्धता दर्ज करने की अनुमति देगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोगों के लिए मोबाइल मोहल्ला क्लिनिक भी स्थापित किया जाएगा।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं आप की ओर से सात गारंटियों की घोषणा कर रहा हूं। पहला सर्वेंट



रजिस्ट्रेशन पोर्टल है। यदि कोई स्टाफ सदस्य चला जाता है या किसी नए की जरूरत होती है, तो यह पोर्टल लोगों को उनकी उपलब्धता दर्ज करने की अनुमति देगा। इसी तरह, स्टाफ की तलाश कर रहे नए अधिकारी उपयुक्त साथी ढूंढ सकते हैं। पोर्टल के माध्यम से। इससे कई स्टाफिंग मुद्दों को कुशलतापूर्वक हल करने में मदद मिलेगी। केजरीवाल ने दिल्ली में आप के सत्ता में लौटने पर अधिकारियों के आवासों पर कार्यरत सहायकों के लिए घर उपलब्ध कराने और कार्य नियम लागू करने का भी वादा किया।

तीसरी गारंटी है सरकारी कर्मचारी/कर्मचारी का कार्ड बनवा दिया जाएगा। सर्वेंट हॉस्टल/स्टाफ हॉस्टल बनाया जाएगा। दिल्ली सरकार के कर्मचारियों और कर्मियों के लिए भी ईडब्ल्यूएस मकान बनाए जाएंगे ताकि उन्हें लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि उनके लिए मोबाइल मोहल्ला क्लिनिक बनाए जाएंगे. उनके काम के घंटे, वेतन और कामकाजी परिस्थितियों के संबंध में नियम बनाए जाएंगे और इसे आपराधिक अपराध बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नौकर/कर्मचारियों को 10 लाख रुपये का जीवन बीमा, 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा, उनके परिवार की बेटियों की शादी के लिए 1 लाख रुपये की मदद और उनके बच्चों की शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी।

## 15 वादों की पूरी सूची

- राष्ट्रीय राजधानी में 100 प्रतिशत रोजगार तक पहुंचने और बेरोजगारी को ठीक करने का लक्ष्य।
- महिला सम्मान योजना' में महिलाओं को 2,100 रुपये प्रति माह
- संजीवनी योजना में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सरकारी और निजी अस्पतालों में मुफ्त स्वास्थ्य उपचार।
- गलत बढ़े हुए पानी के बिल माफ करें
- 24-7 स्वच्छ पेयजल।
- स्वच्छ यमुना जल
- यूरोपीय मानकों की तर्ज पर दिल्ली की सड़कों की मरम्मत करें।
- दलित छात्रों के लिए डॉ अम्बेडकर छात्रवृत्ति योजना।
- कॉलेज और स्कूल के छात्रों के लिए मुफ्त बस यात्रा और दिल्ली मेट्रो में 50 प्रतिशत की छूट
- हिंदू और सिख पुजारियों के लिए 18,000 रुपये।
- किरायेदारों के लिए मुफ्त बिजली और पानी।
- नई सरकार बनने पर 15 दिन के भीतर सीवर लाइनों की मरम्मत। सभी अवरुद्ध सीवेज लाइनों को बदला जाएगा
- नागरिकों के लिए राशन कार्ड
- ऑटोरिक्शा और ई-रिक्शा चालकों के लिए उनकी बेटी की शादी के लिए 1 लाख रुपये की वित्तीय सहायता, बच्चों के लिए मुफ्त कोचिंग, 10 लाख रुपये का जीवन बीमा और 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा योजना।
- निजी सुरक्षा के लिए रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) को पैसा।

# राजीव कुमार को राजनीति करनी है तो चुनाव लड़ लें', मुख्य चुनाव आयुक्त पर ही बरसे केजरीवाल

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव की सियासी लड़ाई यमुना के पानी पर आ गई है। भाजपा और आप के बीच इस मुद्दे को लेकर घमासान जारी है। इस बीच केजरीवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राजीव कुमार राजनीति कर रहे हैं। उन्हें राजनीति करनी है, तो चुनाव लड़ लें।

अरविंद केजरीवाल ने यमुना जल विवाद को लेकर गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार पर बड़ा हमला बोला। केजरीवाल ने कहा कि चुनाव आयोग राजनीति कर रहा है। राजीव कुमार को रिटायरमेंट पोस्ट चाहिए। इतिहास में कभी इलेक्शन कमिशन का कबाड़ा नहीं हुआ। मुझे पता है कि ये जेल में डाल देंगे। राजीव कुमार राजनीति कर रहे हैं। उन्हें राजनीति करनी है, तो चुनाव लड़ लें।

प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हरियाणा से दिल्ली में पीने का पानी यमुना के जरिए आता है। ये कच्चा पानी होता है। इसे ट्रीट करते हैं। पिछले कुछ दिनों से जहरीला पानी आता है। इसमें अमोनिया 7 पीपीएम तक पहुंच गया, जो सेहत के लिए खतरनाक है। ये कई ऑर्गन को डैमेज कर सकता है। इससे मौत भी हो सकती है। ये मुद्दा कुछ दिन पहले उठाया। हम बेबस थे।

उन्होंने आगे कहा, 'पहले भी अमोनिया बढ़ने लगा। आतिशी ने नायब सैनी को फोन किया। उनसे अनुरोध किया कि अमोनिया का लेवल बढ़ रहा है, इसे कम करवाइए। ये जान को जोखिम पहुंचा सकता है। यदि अमोनिया लेवल 1 पीपीएम से ज्यादा हो जाए, तो वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बंद करना पड़ता है। नायब सैनी 3 बार फोन पर आए, कुछ करने को कहा. फिर आतिशी का फोन अटैंड करना बंद कर दिया। जब अमोनिया लेवल 7 पीपीएम तक आ गया, तब आतिशी ने इजहार किया कि दिल्ली में यमुना के जरिए जहर (हाई अमोनिया) भेजा जा रहा है। यदि हळढ में पानी चला गया, तो खतरनाक हो सकता है। यदि अमोनिया के पानी में क्लोरेजन हो जाए, तो इससे डेडली कुछ नहीं।'

पूर्व सीएम ने कहा, 'हम राजनीति नहीं करना चाहते थे। बड़े मजे की बात है कि जब से अमोनिया का विषय उठाया, तब से घट गया। अब 3 पीपीएम तक आ गया। यानी कौन कर रहा था। अब केस की धमकी दे रहे हैं, जो मर्जी, वो करें, दिल्ली के लोगों को जहरीला पानी भेजकर हेल्थ और जिंदगी को नुकसान पहुंचा सकता है। मुझे जेल में डाल दो, अभी जेल से आ रहा हूं. जब तक जिंदा हूं, दिल्ली के लोगों को जहरीला पानी नहीं पिलाऊंगा। इनकी धमकी से डरने वाला नहीं हूं। किसी से नोटिस और चिट्ठी दिलवा रहे हैं। इन्हें नोटिस और चिट्ठी मुबारक। दिल्ली के लोगों के साथ खड़ा हूं।'

केजरीवाल ने कहा, 'कल नायाब सैनी ने नौटंकी की। कल ऊपर वाले ने साथ दिया। कल पल्ला जाकर सबके सामने पानी पीने की बात कही। इसका विडियो भी है, फिर पानी फेंक दिया। या तो पानी में बदबू थी या गंदा था। ऐसा लगा कि उल्टी आ गई। आज 7 पीपीएम अमोनिया पानी और क्लोरीन मिलकर पानी की बोतल अमित शाह, वीरेंद्र सचदेवा, नायब सैनी और राहुल गांधी के लिए भेजे हैं। सच्चाई इनके साथ है, तो चारों लोग पानी पीकर दिखाएं।'

# अवैध कालोनी को किया ध्वतिकरण



एनपीटी ब्यूरो/ सुखपाल सिंह

गाजियाबाद प्राधिकरण में Vc के निर्देनुसार अवैध कार्य को रोकने पर जोर दिया जा रहा है इसके अन्तर्गत जोन 5 में GDA का पीला पंजा आई एम एस इंजीनियरिग कालेज डासना के पास काटी जा रही अवैध कालोनी (40 में से 50 बीघे) को ध्वतिकरण किया गया इस मोके पर GDA के अधिकारी (JE, A.E आदि) उपस्थित थे ।

# स्वाति मालीवाल ने केजरीवाल के घर के बाहर कूड़ा फेंका, पुलिस ने छोड़ा

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

नई दिल्ली । दिल्ली में विधानसभा चुनाव के दौरान राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला है। स्वाति मालीवाल अपने समर्थकों के साथ आज तीन ट्रक कचरा लेकर अरविंद केजरीवाल के घर बाहर पहुंची और जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने दिल्ली में सफाई व्यवस्था की बदहाली के विरोध में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर कचरा फेंककर प्रदर्शन किया। यह विरोध तब हुआ जब उन्होंने विकासपुरी इलाके का दौरा किया, जहां स्थानीय महिलाओं ने सड़कों पर फैले कचरे की शिकायत की थी।

मालीवाल ने स्थानीय महिलाओं के साथ सफाई अभियान चलाया और तीन ट्रकों में कूड़ा भरकर केजरीवाल के आवास तक पहुंचा दिया। वहां उन्होंने केजरीवाल से जनता की समस्याओं पर बातचीत करने की मांग की, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद उन्होंने केजरीवाल का पोस्टर लगाया और चारों ओर कूड़ा डाल दिया।

कुछ देर बाद दिल्ली पुलिस ने मालीवाल को हिरासत में लेकर संसद मार्ग थाने भेज दिया। पुलिस हिरासत से रिहा होने के बाद उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन दिल्ली की महिलाओं और नागरिकों की परेशानियों को उजागर करने के लिए था। शहर में कचरे के ढेर लगे हैं, नालियां जाम हैं और सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही।

स्थानीय निवासियों ने कई बार सरकार और एमसीडी से शिकायत की थी, लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उन्होंने यह कदम उठाया। केजरीवाल सरकार जनता की आवाज सुनने को तैयार नहीं है। अगर जनता की समस्याएं उठाना अपराध है तो इसे बार-बार करूंगी।गाजियाबाद प्रविकरण में Vc के निर्देनुसार अवैध कार्य को रोकने पर जोर दिया जा रहा है इसके अन्तर्गत जोन 5 में GDA का जिला पन्ना IMS College के पास काटी जा रही अवैध कालोनी 40 में से 50 बीघे) को ध्वतिकरण किया गया इस मोके पर के GDA अधिकारी (JE, A.E और उपस्थित थे ।

# जयवीर पहलवान जुनेदपुर के भतीजे ने किया नाम रोशन

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



नोएडा स्थित जुनेदपुर ग्रेटर नोएडा के जयवीर पहलवान के भतीजे जितेंद्र नागर ने गाँव का नाम किया रोशन जितेंद्र एमबीबीएस डॉक्टर की डिग्री हासिल करने में सफलता प्राप्त करने वाले 12बे डाक्टर बने इस गांव में पहले से ही 11 डाक्टर है जिन्होंने डॉक्टर की डिग्री हासिल की है.. जितेंद्र ने यह डिग्री मेरठ स्थित एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज से कठिन परिश्रम के बाद हासिल किया. जितेंद्र के पिताजी रणवीर सिंह सीपीडब्ल्यूडी दिल्ली से रिटायर्ड हैं उनका बड़ा योगदान रहा जितेंद्र को डॉक्टर बनाने में जितेंद्र के चाचा भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य भी हैं उन्होंने जितेंद्र को बधाई देते हुए बताया कि अब हमारा जितेंद्र डॉक्टर जितेंद्र नागर के नाम से प्रसिद्ध हासिल करेगा।

क्यों पंजाब CM भगवंत मान के घर पहुंची एउ की टीम

# क्यों पंजाब CM भगवंत मान के घर पहुंची EC की टीम, जांच की वजह आई सामने

नई दिल्ली । दल्ली की मुख्यमंत्री आतिश ने ट्वीट कर लिखा, वाह री भाजपा! दिल्ली वाले 5 तारीख को जवाब देंगे।

5 फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले राजधानी में राजनीति पूरे चरम पर है। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिल्ली स्थित घर पर गुरुवार को चुनाव आयोग ने छापा मारा। आयोग की टीम कपूरथला हाउस तलाशी लेने पहुंची।

**चुनाव आयोग ने किया आरोपों से इनकार**-वहीं, आप के आरोप पर चुनाव आयोग ने कहा कि हमने कोई छापा नहीं मारा। आयोग एजेंसियों के काम में हस्तक्षेप नहीं करता है। इस कार्रवाई पर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिश ने ट्विटर पर लिखा, दिल्ली पुलिस भगवंत मान के दिल्ली के घर पर रेड करने पहुंच गई है। भाजपा वाले दिन दहाड़े पैसे, जूते, चद्दर बांट रहे हैं, वो नहीं दिखता। बल्कि एक चुने हुए मुख्यमंत्री के निवास पर रेड करने पहुंच जाते हैं। वाह री भाजपा! दिल्ली वाले 5 तारीख को जवाब देंगे।

**आप के लिए वोट मांग रहे हैं भगवंत मान**-बता दें कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान दिल्ली में लगातार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। वह लंबे समय से दिल्ली में ही डेरा डाले हुए हैं और आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों के लिए वोट मांग रहे हैं।

**पैसे बंटने की शिकायत पर पहुंची थी टीम**-रिटर्निंग ऑफिसर ओ.पी. पांडे ने कहा कि ृश्क्क्नक्क्छ ऐप से शिकायत मिली है कि कपूरथला हाउस से धन वितरण किया जा रहा है। यहां जांच के लिए हमारी फ्लाइंग स्क्वायड टीम आई थी। हमें बताया गया कि हम यहां (कपूरथला हाउस) की जांच कर सकते हैं। कमरों के दरवाजों पर ताले लगे थे। इसलिए तलाशी नहीं ली जा सकी।

**पैसे बंटने की शिकायत पर पहुंची थी टीम**- रिटर्निंग ऑफिसर ओ.पी. पांडे ने कहा कि ृश्क्क्नक्क्छ ऐप से शिकायत मिली है कि कपूरथला हाउस से धन वितरण किया जा रहा है। यहां जांच के लिए हमारी फ्लाइंग स्क्वायड टीम आई थी। हमें बताया गया कि हम यहां (कपूरथला हाउस) की जांच कर सकते हैं। कमरों के दरवाजों पर ताले लगे थे...तलाशी नहीं ली जा सकी।

**भाजपा खुलेआम बांट रहे पैसे**

दिल्ली में पंजाब के मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास कपूरथला हाउस पर चुनाव आयोग की रेड पर आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त दी है। आप नेताओं ने इसे बदले की भावना से प्रेरित कार्रवाई बताया। इस घटना पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने ट्वीट किया कि आज दिल्ली पुलिस के साथ चुनाव आयोग की टीम दिल्ली में मेरे घर कपूरथला हाउस पर रेड करने पहुंची है। दिल्ली के अंदर भाजपा वाले खुलेआम पैसे बांट रहे हैं पर दिल्ली पुलिस और चुनाव आयोग को कुछ नहीं दिख रहा है। दिल्ली पुलिस और चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर पंजाबियों को बदनाम कर रही है।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं पुरराज प्रिंटिंग एंड पैकिंग प्राइवेट लिमिटेड प्रेस ई-19,सेक्टर-6,नोएडा, गौतमबुद्धनगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।